**आज का मौसम**

शुक्रवार को सुबह के समय बादल व धूप का मिला जुला असर रहने की संभावना है। शाम के समय बारिश के आसार हैं।

33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:05

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# विभाग की शह, ठेकों पर 24 घंटे बेंची जा रही शराब

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विभागीय लापरवाही से जिले के ठेकों पर 24 घंटे शराब की बिक्री की जा रही है।

शाम के पांच बजने से पहले आबकारी विभाग के अधिकारी अपने घरों को निकल लेते हैं। वह इन शराब की दुकानों पर छापा डालने नहीं जाते। जाते भी है तो वह बिक्री रजिस्टर देखर चले आते हैं। शराब की दुकान खोलने का समय सुबह 10 से शाम 10 बजे तक है। इस समय के बीच यदि कोई शराब की दुकान पर पहुंचता तो उसे दुकान में ही सो रहे सेल्समैन 5 से 10 रुपये अधिक लेकर शराब का क्वाटर पकडा देते है।

बताया जाता है कि पहले पुलिस इन शराब की दुकानों पर भी पहुंच जाती थी। इस दौरान यदि समय से पहले या बाद में शराब की बिक्री होते पाई जाती थी तो उस पर पुलिस कार्रवाई करती थी। अबतो किराना दुकानों पर भी शराब की बिक्री की जा रही है।

# प्रोबेशन विभाग कर रहा आया के पदों पर गुपचुप तैनाती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक और भर्ती होनी है इसलिए चार्ज नहीं छोड़ना चाहतीं डीपीओ
- तीन साल में आउटसोर्सिंग के तहत हुई भर्तियों की जल्द शुरू हो सकती है जांच

**अमृत विचार।** शासन में पैरवी कर तबादला कराने वाली जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अब तक चार्ज नहीं छोड़ा है। जारी हुए स्थानांतरण आदेश के मुताबिक 20 जून को कार्यमुक्त होने का अंतिम दिन है। चर्चा है कि रिक्त चल रहे आया समेत अन्य पदों पर गुपचुप तैनाती की प्रक्रिया चल रही है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने 14 जून को 13 जिला प्रोबेशन अधिकारियों के तबादले किए थे। इस सूची में इरा आर्या का नाम पहले नंबर पर है। उनको रामपुर में तैनाती दी गई है। आदेश में कहा गया है कि आदेश जारी किए जाने की तारीख से 1 सप्ताह के अंदर प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया जाए। हालांकि कन्नौज में किसी की तैनाती नहीं हुई है इसलिए किसी अन्य विभाग के अधिकारी को अतिरिक्त कार्यभार मिलने की प्रबल संभावनाएं हैं। चर्चा यह भी है कि किसी अन्य जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी निदेशालय से यहां का अतिरिक्त प्रभार मिल सकता है। आउटसोर्सिंग की तहत विभाग में कई योजनाओं के तहत भर्तियां करने वाली जिला प्रोबेशन अधिकारी सुर्खियों में हैं।

**बचा रहे हैं एक अधिकारी**

विकास भवन के एक अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी को बचा रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि चयन व गड़बड़ी के इन मामले की जांच भी उन्हीं को दी जा सकती है। इसलिए विभागीय अधिकारी का बचना भी तय है।

**सरकारी मानदेय पर बच्चे की कराई जा रही देखरेख**

बताया गया है कि डीपीओ ने अपने बच्चे की देखरेख के लिए आउटसोर्सिंग के तहत तैनात एक युवती को लगा रखा है। कहा जा रहा है कि सरकारी मानदेय पर निजी कार्य कराया जा रहा है।

> जो कर्मी जहां जिस कार्य के लिए तैनात है वही कार्य कर सकता है। सरकारी वेतन या मानेदय वाला कर्मचारी निजी कार्य नहीं कर सकता है।
>
> **राम कृपाल चौधरी, सीडीओ**

## एक नजर

### घर से निकले छात्र का नहीं लगा कोई सुराग

**छिबरामऊ।** दो दिन पहले घर से निकले छात्र का काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगा। कोतवाली क्षेत्र के गांव अदमापुर के रहने वाले अमर सिंह परिवार के साथ प्रेमपुर में रहते हैं। वहां सीमेंट का कारोबार करते हैं। इनका बेटा सुमित चौधरी गजेन्द्र सिंह मीरा देवी महाविद्यालय टड़ा प्रेमपुर में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है। वह मंगलवार की सुबह घर बाजार की तरफ गया था। काफी देर तक घर न लौटने पर इधर-उधर खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरे में वह बाजार की तरफ अकेला जाता दिखाई दे रहा है। छात्र के सुराग न मिलने से परिवार परेशान है। दो दिनों से घर में चूल्हा नहीं जला है। छात्र के भाई अमित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### खुले में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से भैंस मरी

**छिबरामऊ।** बरसात शुरू होते ही खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत देने लगे हैं। सिकन्दपुर के मोहल्ला मालवीय नगर निवासी बृजपाल पुत्र राधेश्याम बुधवार को दरवाजे पर बंधे मवेशी लेकर खेतों की तरफ जा रहा था। तभी मोहल्ले में खुले में रखे ट्रांसफार्मर से तेल निकल रहा था। इसकी चपेट में आने से उसकी एक भैंस मर गई। खुद भी बाल- बाल बच गया। किसान ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### तीन बच्चों की मां मित्र के साथ गई

**छिबरामऊ।** प्रेमपुर इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला अपने तीन मासूम बच्चों को छोड़कर गांव के ही एक युवक के साथ चली गई। इसके बाद फोन कर पति से बच्चे मांगे तो उसने मना कर दिया। इस पर आरोपी युवक के परिजनों ने महिला के पति व भाई के साथ मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पुलिस से की गई।

### तिर्वा मंडी में नहीं शुरू हो सका सरकारी मक्का खरीद केंद्र

**तिर्वा।** किसानों की मक्का खरीदने के लिए सरकार के निर्देश पर खरीद केंद्र तो खोला लेकिन बैनर लगाकर खानापूरी कर दी गई। कोई कर्मचारी न होने कारण आने वाले किसानों के सामने समस्या बनी हुई है। किसानों की फसल का अच्छा दाम मिल सके इसको लेकर सरकार ने 15 जून से मक्का खरीद करने के निर्देश दिए थे। मक्का का समर्थन मूल्य 2225 रुपया प्रति क्विंटल निर्धारित करने के साथ केंद्र सुबह नौ से शाम छह बजे तक खोलने के निर्देश दिए हैं। कस्बे की मंडी समिति में खुले विपणन शाखा केंद्र पर बैनर टांग कर खानापूरी कर दी गई। गुरुवार की दोपहर तीन बजे न तो कोई कर्मचारी था और न ही खरीद के कोई इंतजाम।

कोई कर्मी न मिलने पर आने वाले किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पडा।

## सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए अब जमीन की तलाश शुरू हो गई है

# सोलर पॉवर प्लांट से बनेगी बिजली, खरीदेंगे उपकेंद्र

**13** उपकेंद्र जनपद में चयनित, कर लिए गए हैं

**25** सालों तक खरीदेगा उत्पादित बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीएम कुसुम सी-2 योजना के तहत प्लांट लगाने को चिह्नित हो रही जमीन
- यह बिजली उपकेंद्रों को बिक्री की जाएगी। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं

**अमृत विचार।** जनपद में सोलर पॉवर प्लांट से बिजली तैयार की जाएगी। यह बिजली उपकेंद्रों को बिक्री की जाएगी। इसके लिए 13 उपकेंद्र चयनित हो गए हैं। प्लांट लगाने के लिए अब जमीन की तलाश शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) -2 योजना के तहत सोलर प्लांट लगेंगे। उ.प्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (नेडा) के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने पत्र जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत एमएनआरई, भारत सरकार से संचालित पीएम कुसुम योजना के तहत पृथक कृषि फीडर्स का सोलराइजेशन किया जाना है। योजना के तहत उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से चिह्नित पृथक कृषि फीडर्स का सोलराइजेशन कराए जाने के लिए यूपी नेडा ने ई-निविदा के जरिए सफल बिडर्स को कन्नौज जनपद के चिह्नित सब स्टेशनों पर सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना रेस्को मोड में किए जाने के लिए लेटर ऑफ एवार्ड एलओए निर्गत किए हैं। यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं सोलर पॉवर जनरेट के साथ पॉवर परचेंज अनुबंध हस्ताक्षरित करने की प्रक्रिया चल रही है। प्लांट लगाने के लिए सब स्टेशन के निकट करीब चार एकड़ प्रति मेगावाट जमीन की जरूरत होगी। स्थापित सोलर पॉवर प्लांट से उत्पादित ऊर्जा को यूपीपीसीएल की ओर से 25 सालों तक खरीदेगा। इसके लिए निजी या सरकारी जमीन चिह्नांकन के संबंध में चयनित सोलर पॉवर जनरेटर को जरूरी सहयोग दिया जाए।

> सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आगे आए हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रक्रिया चल रही है। जमीन के लिए लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव व प्रधानों का सहयोग लिया जा रहा है।
>
> **अनुपम राय, प्रभारी पीओ, नेडा**

**इन सब स्टेशनों को मिलेगी बिजली**

- विद्युत उपकेंद्र अनौगी, बहबलपुर, गुगरापुर, हसेरन, रामाश्रम, सौरिख, तालग्राम, बहादुरपुर, जसपुरापुर, मानपुर, पंप कैनाल, ठठिया व तिर्वा को सोलर से बिजली दी जाएगी।

**कटौती, ट्रिपिंग से मिलेगी राहत**

- शासन इन दिनों सरकारी विभागों व आम लोगों को सोलर लगाने के लिए बढ़ावा दे रही है। इसके लिए नेडा से अनुदान भी मिलता है। जनपद में लो-वोल्टेज, कटौती व ट्रिपिंग की समस्या गंभीर है। कहा जा रहा है कि सोलर पॉवर प्लांट लगने के बाद इस समस्या पर काफी हद तक विराम लगेगा।

# जानकारी के अभाव में पीड़िताओं को नहीं मिलता लाभ

**कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शहर स्थित विनोद दीक्षित अस्पताल एवं तिर्वा के सीएचसी परिसर में कैंप लगाया।

बुधवार को तिर्वा में पराविधिक स्वयं सेवक स्नेहा व जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय की लैंगिक विशेषज्ञ अनुपम ने नालसा की ओर से विधिक सेवाएं योजना 2015 के बारे में बताया। कहा, जो महिलाएं तस्करी या यौन शोषण की शिकार हैं उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। इसके तहत निःशुल्क विधिक सहायता, पुनर्वास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, भोजन और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए जो आवश्यकता है उपलब्ध कराई जाती है। जानकारी के अभाव में पीड़िताएं लाभ प्राप्त नहीं कर पाती हैं। वृद्ध महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा अथवा पेंशन, बालिकाओं को शिक्षा, पीड़िताओं को जीवन कौशन उन्नयन जैसी सुविधाओं के बारे में बताया गया।

# सात बकरी चोरी कर कार में लाद ले गए चोर

संवाददाता सौरिख

- रात में बारिश के दौरान हुई घटना, सुबह पुलिस को दी गई मामले की सूचना

**अमृत विचार।** क्षेत्र में चोरों के आतंक से लोग परेशान हैं। ग्रामीण रात में जागकर रखवाली कर रहे हैं लेकिन फिर भी चोरियां हो रहीं हैं। इसी क्रम में अब चोर कार से आए और किसान के घर से सात बकरियां चुराकर फरार हो गए।

थाना क्षेत्र के कठिघरा ग्रामसभा के आसपास चोरों ने आतंक मचा रखा है। कूकापुर गांव में बुधवार रात दिनेश कुमार पुत्र दिवारी लाल के घर से चोरों ने पांच बकरियां व दो बकरे चुरा लिए और कार में लादकर फरार हो गए। रात में बारिश होने से पीड़ित को इसकी भनक नहीं लग सकी। सुबह उठा तो खूंटों पर रस्सियां कटी पड़ी हुई थी और घर के बाहर कार के पहियों के निशान थे। पीड़ित ने थाने जाकर प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार का कहना है। संबंधित हलका इंचार्ज को गांव भेज कर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**तीन महीने से ताबड़तोड़ चोरियां:** तीन माह के अंदर मिथुन सिंह की 13 बकरियां, अंकित यादव की भैंस, शिवकुमार यादव का सिंचाई इंजन व जनरेटर, ओमशंकर की सबमर्सिबल, मैनेजर सिंह का सिंचाई इंजन, रवीन्द्र कुमार का सिंचाई इंजन, बंशीलाल की बकरी तथा कठिघरा निवासी रणजीत सिंह का सबमर्सिबल स्टार्टर, शिवकुमार चौहान का स्टार्टर, कूकापुर नदी किनारे से तालग्राम थाना क्षेत्र के मझपुरवा निवासी छुन्ना यादव के खेत से दो सिंचाई इंजन, कठिघरा में जलजीवन मिशन योजना से बनी पानी की टंकी से बैटरी, विद्यालय से गैस सिलेंडर और नगला वीरभान के पास लगे मोबाइल टावर से सोलर पैनल चोरी हो चुकी है।

# स्टाफ नर्स से कोर्ट मैरिज कर युवक मुकर गया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



घटना की जानकारी देती पीड़ित स्टाफ नर्स। अमृत विचार

- परिजनों के दबाव में अपनाने से किया इंकार, नवजात बेटी को लेकर भटक रही
- पीडिता ने एसपी से लगाई गुहार, जांच महिला थाना को

**अमृत विचार।** स्टाफ नर्स से कोर्ट व आर्य समाज मंदिर में शादी करने के बाद युवक अपनाने से इंकार कर रहा है। पीड़िता मासूम पुत्री को लेकर पुलिस के चक्कर काट रही है। उसने कोतवाली पुलिस को पति समेत अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न समेत मारपीट करने के आरोप लगाये हैं।

कानपुर नगर के चौबेपुर निवासी पूनम मिश्रा पुत्री हरिशरण मिश्रा ने कोतवाली पुलिस व एसपी को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी शादी आर्य समाज मंदिर कल्यानपुर कानपुर नगर में हिंदू रीति रिवाज से व कोर्ट में सदर कोतवाली के मोहल्ला कुतलूपुर मकरंदनगर निवासी रामजी से 21 नवंबर 2020 में हुई थी। अब वह साथ रखने को तैयार नहीं है। पति के अलावा ससुर, सास, ननद आये दिन परेशान करते हैं। ससुरालीजन दहेज में 25 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। दहेज की मांग पूरी न करने पर पति मारपीट करता है। तलाक देने और दूसरी शादी करने की बात कह रहा है। पति से 31 मई 2025 को एक बेटी को जन्म दिया। उस दिन से उसे कानपुर में छोड़ कर घर चला आया। किसी अन्य लड़की से बात करता है। उससे झूठ बोल कर शादी की। अब उसे जानमाल की धमकी दे रहा है। मामले को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए महिला थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिये हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# योग के लिए स्कूटी से जागरूक करने निकलीं शिक्षिकाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम कल होगा, तैयारियां पूरी हो गई हैं

**अमृत विचार।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कल यानि 21 जून को मनाया जाएगा। योग सप्ताह 15 जून से चल रहा है। कार्यक्रम से पहले शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से स्कूटी-बाइक रैली निकाली गई जिसे डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को योग स्कूटी रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई जो तिर्वा क्रॉसिंग से होते हुए शहर, लाखन तिराहा, मकरंदनगर होते हुए पीएसएम डिग्री कॉलेज में संपन्न हुई। इससे पहले जिलाधिकारी ने कहा कि योग करने से न सिर्फ बीमारियों का उपचार होता है बल्कि इसे अपनाने से कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। रैली का उद्देश्य है कि नियमित रूप से योग को अपने जीवन में अपनाएं तथा तन-मन से सेहतमंद बने रहें। एडीएम (वि./रा.) आशीष सिंह, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, बीएसए संदीप कुमार, योग दिवस के नोडल अधिकारी/ डॉक्टर देवेंद्र, बीईओ विश्वनाथ पाठक व शिवेंद्र वर्मा, महिला शिक्षक स्नेहलता द्विवेदी, शैली मिश्रा, नीतू गौतम रहीं।



कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूटी-बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मौजूद अन्य अधिकारी।

### कल पुलिस लाइन में होगा योग, जिलाधिकारी ने दिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

**कन्नौज।** डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर योग दिवस कार्यक्रम को भव्य रूप दें। उन्होंने आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देश दिए कि एएसपी के साथ पुलिस लाइन ग्राउंड का निरीक्षण कर सभी तैयारियां पूरी कर लें। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम में अनुभवी, प्रमाणित और दक्ष योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि प्रतिभागियों को सही और प्रभावशाली तरीके से योग कराया जा सके। डीएम ने आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को बीएसए एवं डीआईओएस से कार्यक्रम में आने वाले बच्चों की सूची तैयार करने को कहा। मौसम प्रतिकूल होने पर पुलिस लाइन के मनोरंजन सभागार में वैकल्पिक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश को योग अभ्यास स्थल पर साफ-सफाई, ग्राम पंचायतों में योग, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाने की जिम्मेदारी दी गई।

## सार-संक्षेप

### दिनदहाड़े बाइक चोरी, पुलिस के प्रति व्यापारियों में रोष

**तिर्वा।** किराना व्यापारी की बाइक दिनदहाड़े चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर है। इससे व्यापारियों में रोष है। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे कस्बा क़े सुभाष नगर मोहल्ला निवासी किराना व्यापारी अवधेश अपनी बाइक की सर्विस कराने एक शोरूम पर गया था। समय अधिक लगने से शोरूम संचालक ने उसे काम चलाने को दूसरी बाइक दे दी। उसी बाइक को लेकर वह रानी अवंतीबाई नगर स्थित एक दुकान पर गया था, जहां मौका देखकर दो युवक बाइक चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन अब तक चोर पकड़ से दूर है। तिर्वा व्यापार मंडल वेलफेयर के जिलाध्यक्ष रविंद्र कनौजिया ने कहा कि क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि चोरों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित। अमृत विचार

### कैश खां पर भूमि कब्जाने का आरोप, डीएम से शिकायत

**कन्नौज।** आम रास्ता समेत सरकारी व वक्फ की भूमि पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए लोगों ने डीएम से सपा नेता कैश खां की शिकायत की है। मामले की जांच एसडीएम व सीओ सदर को सौंपी गई है। शहर के मोहल्ला बालापीर निवासी आदिल, सदाकत खां. अफजाल, तोहीद, समेत कई लोगों ने हस्ताक्षर कर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से शिकायत की है। आरोप लगाया है कि मोहल्ले के ही निवासी सपा नेता कैश खां पुत्र युनुस व अरसलान पुत्र कैश खां दबंग, भू माफिया, प्रवृत्ति के लोग हैं। आये दिन परती भूमि पर कब्ज, लोगों से मारपीट, फर्जी मुकदमों में फसाना इनका काम है। इन दोनों लोगों ने हिंदू भाई द्वारा मस्जिद वक्फ (दान) में दी जमीन पर कब्जा कर लिया है। साथ ही 200 वर्ष पुराने बागेश्वर मंदिर को खोद कर उस पर तीन मंजिल का भवन बना लिया। पुरातत्व के अधीन आने वाली भूमि पर भी कब्जा किया गया है। प्राचीन स्मारक को भी खोद दिया गया जिससे ऐतिहासिक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप लगाया कि यह पिता पुत्र नॉन जेडे की भूमि पर प्लाटिंग कर रहे हैं।

### मक्का की फसल उठाने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मक्का फसल को खेत से उठा लेने व उधार दी गई भैंस को कटवा देने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिए हैं। ग्राम रौतामई निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रामदास ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने गांव के युवक का खेत 01 लाख 35 हजार रुपये में गिरवी रखा था। गांव के दो लोग गवाह थे। उसने खेत में मक्का की फसल की थी। आरोपी व उसकी पत्नी ने खेत से 30 क्विंटल मक्का जबरन उठा ली और पैसा वापस न करके खेत पर कब्जा कर लिया। दूसरी ओर ग्राम गदनापुर निवासी आरिफ खान ने पुलिस को बताया कि उसने पड़ोस के गांव के एक युवक को उधार भैंस दी थी। युवक ने भैंस को कटवा दिया। कोतवाली पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### कार के लिए पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**सौरिख।** शादी के बाद कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता संग मारपीट और उत्पीड़न शुरू कर दिया। महिला ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। सौरिख देहात के इस्लाम नगर निवासी यास्मीन की शादी 27 नवंबर 21 को मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र के खरगपुर अरसारा निवासी आफताब पुत्र इलियास के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। दहेज में कार न मिलने से नाराज पति आफताब, ससुर इलियास, सास शहनाज, ननद गुलिस्तां, नन्दोई आरिफ और देवर अभिषेक ने यास्मीन का उत्पीड़न शुरू कर दिया। इस दौरान यास्मीन को दो बच्चों को जन्म दिया उसके बाबजूद उत्पीड़न जारी रहा। 16 जून को ससुरालीजन मारपीट कर मायके छोड़ कर भाग गए। । रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मृतक किशोर के परिजनों से मिलेगा सपा प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में हुई किशोर की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया। इसकी जानकारी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सपा का प्रतिनिधिमंडल पोर्ट सपा प्रदेश कार्यालय को सौंपेगा।

कस्बा के गिहार बस्ती में 16 जून को 14 वर्षीय कुनाल की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद सियासत गरमा गई। जानकारी के अनुसार 10 जून को कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसी सिलसिले में पुलिस ने 12 जून की रात तिर्वा कस्बा स्थित गिहार बस्ती में दबिश दी थी। पुलिस पर आरोप है कि पुलिस ने बिना वजह लाठीचार्ज कर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया।जिसमे कुनाल घायल हो गया था 16 जून को उसकी मौत हो गई थी। सपा की तरफ से 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष कलीम खां के नेतृत्व में 20 जून दिन शुक्रवार को मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचेगा। यहां उनसे घटना को लेकर जानकारी जुटाकर प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट भेजेगा। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की तरफ से पत्र जारी किया गया है।

**कवायद** पंचायती राज कार्यालय में तैयार हो रहे वर्ष 2011 की जनसंख्या के आंकड़े

# फेरबदल नहीं, 499 ग्राम पंचायतों में होंगे चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भले ही त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत चुनाव अगले साल 2026 में होना प्रस्तावित हैं लेकिन उसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आरक्षण के लिए जनसंख्या के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। वर्ष 2021 की तरह सभी 499 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे, कोई भी मजरा या ग्राम सभा प्रभावित नहीं होगी।

दरअसल, पिछले महीने पत्र आया था कि जिन नगर पालिका व नगर पंचायतों का विस्तार हुआ है या नवसृजित हैं उससे प्रभावित गांव को दूसरे ग्राम पंचायत में शामिल किया जाएगा। पत्र आने के बाद प्रक्रिया शुरू हुई तो बताया गया कि जनपद में पहले 504 ग्राम पंचायतें थीं। 5 साल पहले नगर पालिका परिषद कन्नौज के सीमा विस्तार के चलते 5 ग्राम पंचायतें घट गईं। वर्तमान में 499 ग्राम सभाएं हैं। सभी में 1,000 से अधिक जनसंख्या है इसलिए उनको दूसरे में समायोजित नहीं किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि पत्र आया था लेकिन कन्नौज जनपद के किसी भी ब्लॉक क्षेत्र में कोई फेरबदल नहीं हुआ है। उसकी रिपोर्ट भी भेज दी गई है। वर्तमान में ग्राम पंचायतों की वर्ष 2022 की जनगणना के मुताबिक जनसंख्या, मतदाता के आंकड़े देखे जा रहे हैं। उसी की रिपोर्ट जानी है। उसके बाद ही आरक्षण की प्रक्रिया चलेगी। जैसा शासनादेश आएगा, उसी के तहत काम होगा।

**जिले में किस तरह के कितने पद**

- 28 जिला पंचायत सदस्य
- 676 क्षेत्र पंचायत सदस्य
- 499 ग्राम पंचायत
- 6327 ग्राम पंचायत सदस्य




- शासन से आगे आएगा आरक्षण का पत्र, वर्ष 2026 में होना है मतदान

**पिछले चुनाव में कौन-कौन से पद कम हुए**

- 06 क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद कम हुए थे।
- 05 ग्राम पंचायत कम हुईं।
- 65 ग्राम पंचायत सदस्य के पद घटे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक की मौत, दो घायल

## कंम्पिल थाना क्षेत्र में कंपिल रुदायन मार्ग पर ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर

संवाददाता कायमगंज

- ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिरे
- ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया

**अमृत विचार।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में कंपिल रुदायन मार्ग पर बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची।

कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव ढड़ियापुर निवासी उमेश शाक्य का 19 वर्षीय पुत्र विकास अपने साथी ओमवीर व अपने बड़े भाई जितेंद्र के साले रजनेश के साथ बाइक से रुदायन जा रहा था। कंपिल रुदायन मार्ग पर गांव जिजौटा खुर्द के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक



विकास (फाइल फोटो)।

उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर विपिन कुमार ने युवक विकास को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की मां रीना देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। ट्रैक्टर चालक मौका पाकर फरार हो गया। लेकिन ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पड़कर पुलिस को सौंप दिया। कंम्पिल थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्य ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में युवती ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद ।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर में एक 32 वर्षीय विवाहिता आयशा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है।

आयशा की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जरारी गांव ईसापुर निवासी हाशिम के साथ हुई थी। बीते कुछ महीनों से आयशा को ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित कर रहे थे।बताया जा रहा है कि 18 जून की शाम आयशा का अपने पति हाशिम से झगड़ा हुआ। 19 जून की दोपहर करीब 1 बजे आयशा ने घर के कमरे में छत के कुंडे से फांसी लगा ली। मां मुन्नी बेगम और चाचा खुशनूर के मौके पर पहुंचने पर दरवाजा तोड़ा गया। आयशा को फंदे से उतारकर सीएचसी कमालगंज लाया गया, जहां डॉ. अजय यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरा फरार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- अपर पुलिस अधीक्षक ने किया घटना का खुलासा
- दबंगों ने सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी थी

**अमृत विचार।** पूर्वजों की जमीन मांगने पर दबंगों ने सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीसरा आरोपी भाग गया।

गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम गुर्जरपुर गहलवार निवासी ओमवती पत्नी स्वर्गीय कप्तान सिंह द्वारा अक्षय के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना में मुखबिर की सूचना पर अक्षय कुमार पुत्र नेपाल सिंह उम्र 45 वर्ष, सवी उर्फ स्वदेश पुत्र अछही उर्फ अक्षय कुमार लगभग उम्र 26 वर्ष निवासीगण ग्राम उधरनपुर लीलापुर थाना अमृतपुर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है , एक आरोपी फरार चल रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हमारे पूर्वजों द्वारा करीब 60- 65 वर्ष पूर्व कप्तान के परिवार को गांव में बसने के लिए जमीन दी गई थी। कप्तान सिंह के कोई संतान नहीं थी जिस कारण अपनी जमीन को वापस मांगा तो कप्तान द्वारा कहा गया कि वह जमीन को अपनी गोद ली हुई लड़की वैजयंती को देगा। कप्तान द्वारा दीवानी न्यायालय फतेहगढ़ में वाद दायर किया गया था। इस विवाद के चलते 13 व 14 जून 2025 की रात्रि को करीब 11- 12 बजे आरोपी द्वारा कप्तान के चेहरे व सिर पर डंडे से आघात किए जाने से उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य, एसओजी टीम उप निरीक्षक सचिन चौधरी, राजेश राय आदि रहे।

## सार-संक्षेप



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते जिला अधिकारी। अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन को दिखायी हरी झंडी

**फर्रुखाबाद ।** जनपद में माह मई 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए परिवहन विभाग की पब्लिसिटी वैन को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया गया। पब्लिसिटी वैन द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों सहित फर्रुखाबाद व फतेहगढ़ में 19 से 23 जून 2025 तक आम जनमानस में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार किया जायेगा। डीएम ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला अधिकारी ने कहा कि प्रचार वाहन का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए वाहन गांव और नगरों में यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां रोड पतली है वहां पर सावधानी से वाहन को चलाएं। रॉन्ग साइड में वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा जहां बहुत बढ़िया रोड है वहां पर ज्यादा स्पीड से वाहन को न चलाएं क्योंकि जब वहां नियंत्रण के बाहर हो जाता है तो दुर्घटना होने की आशंका रहती है इसलिए दुर्घटना के बचाव के लिए जागरूकता वाहन गांव और शहर के लोगों को जागरूक करेगा। इस मौके पर एआरटीओ विजेंद्र चौधरी और एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, मौजूद रहे।

### केक काट कर राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद।** शहर कांग्रेस कैंप कार्यालय नाला सिम्त शुमाल मे कांग्रेस शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा एडवोकेट ने कांग्रेस जन के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया और राहुल गांधी के द्वारा देश के लिए किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला एवं राहुल गांधी के जन्मदिन पर समस्त कांग्रेस जन ने संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया । इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल मिश्रा एडवोकेट, अतीक सलमानी, अशोक राठौर, फौजया खान, राजकुमार, शब्बू, दिलशाद खान, हुमा, शमा, रोहित वर्मा, सलीम, राजेश ईश्वरन, यासीन, बबलू खां, अंश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे

### झपकी आने से खंदक में गिरा डंपर

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र में झांसी कानपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार की सुबह गिट्टी लेकर जा रहे डंपर चालक को झपकी आ गई। इससे डंपर अनियंत्रित होकर खंदक में जा गिरा। दुर्घटना में चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी चालक रामखिलावन अपने खलासी मुजाहिद के साथ गुरुवार की सुबह डंपर पर झांसी से गिट्टी लादकर उन्नाव जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही वह कस्बा आटा के पास पहुंचा, तभी अचानक चालक को झपकी आ गई। जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर गहरे खंदक में जाकर पलट गया। इससे चालक व खलासी डंपर के केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू कराया और जेसीबी व क्रेन की मदद से डंपर को हटाकर दोनों घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है ।

### महिला सहित दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत

**उरई।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। शहर के राठ रोड स्थित गल्ला मंडी में कृष्ण कुमार भंडार निगम में चौकीदार है। वह मंडी के अंदर की सरकारी आवास में पत्नी गुड्डी देवी व एक पुत्र जीतू व पुत्री रिया के साथ रहता था। उसकी पत्नी मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, जिसका ग्वालियर में इलाज भी कराया जा रहा था। बुधवार की शाम सात बजे वह घर से निकल गई जिस पर परिजन उसे खोजते रहे। देर रात जब वे चौकी पहुंचे तो पुलिस ने ट्रेन से कटी एक महिला की फोटो दिखाई जिससे उसकी शिनाख्त गुड्डू देवी के रूप में की गई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी क्रम में एक थाना क्षेत्र के ग्राम हरदोई गूजर निवासी 55 वर्षीय महावीर पाल खेती करके परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया है कि वह शराब अधिक पीने का भी आदी था। बुधवार की देर रात वह कनकनखेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचा और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### घायल बस कंडक्टर की उपचार के दौरान गई जान

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम सुडार के पास आमने-सामने हुई बाइकों की भिड़त में घायल बस कंडक्टर की उपचार के दौरान मौत हो गई। माधौगढ़ कोतवाली के ग्राम गोपालपुरा निवासी रामू यादव उर्फ श्याम सुन्दर श्रीनाथ बस में जालौन से लहार कंडक्टरी करता था। बताया गया है कि वह ड्यूटी पूरी होने के बाद जालौन से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। इसी दौरान सुढ़ार के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके बाद मेडीकल कालेज भेजा गया था, जहां से प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज झांसी और बाद में ग्वालियर में भर्ती कराया गया। ग्वालियर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे शिवप्रताप पुत्र शिवशंकर निवासी गोपालपुरा ने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मृतक के भतीजे की शिकायत पर बाइक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है कार्यवाही की जा रही है।

### उरई से दिल्ली ट्रेन चलाने के लिए दिया ज्ञापन

**उरई।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने मांग की है कि उरई स्टेशन पर उच्चक्लास के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक विश्राम गृह बनाया जाए। जनपद जालौन एवं आसपास के जिलों के यात्रियों, व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उरई से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा चालू कराई जाए। स्टेशन पर महिलाओं के लिए अलग से सुरक्षित विश्राम गृह निर्मित कराया जाए। व्यापार मंडल ने महाप्रबंधक से मांग की है कि द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय को और अधिक बड़ा किया जाए जिससे अधिक से अधिक यात्रियों को अपनी ट्रेन की प्रतीक्षा के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। साथ ही दिव्यांग भाई बहनों के लिए कोई साइकिल स्टैंड नहीं है जब कि अमृत भारत योजना में बने स्टेशन पर पूर्व में उनके लिए एक अलग से साइकिल स्टैंड था। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# युवक ने किया विकलांग युवती से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ रशीदाबाद में युवक विछिप्त विकलांग युवती को बहला फुसला कर केले के खेत में ले गया। वहां उसने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस दौरान केले के खेत में काम कर रहे उसके भाइयों ने उसे देख लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने कब्जे में ले लिया।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के एक गांव की युवती जो दिमागी रूप से विछिप्त एवं विकलांग है। गुरुवार देर शाम गांव पहाड़ी निवासी शेखर नशे की हालत में पहुंचा और घर के बाहर विछिप्त एवं विकलांग युवती को मिठाई एवं आम दिए। इसके बाद उसे केलों के खेत में ले गया। उसने युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी दौरान केलों के खेत में काम कर रहे युवती के भाई ने उसे देख लिया और दौड़कर युवक को पकड़ लिया। जहां पहले तो युवक के साथ हाथापाई हुई इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना किसी ग्रामीण के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची जहां युवक को अपनी हिरासत में ले लिया वहीं पुलिस अब घटना के संबंध में जांच पड़ताल कर रही है। बताया गया है कि इससे पूर्व भी शराबी युवक कई युवतियों के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर चुका है। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई । वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। युवक को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## हाउस व वाटर टैक्स बिल में सुधार

**फर्रुखाबाद ।** नगर पालिका परिषद अब नए रेटों के अनुसार हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स लेगी, दरों की घोषणा गुरुवार को सायंकाल नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने टाउन हॉल स्थित नगर पालिका कार्यालय के सभागार में की।

कर निर्धारण की दरों का उल्लेख करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने बताया कि 40 फीट से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित पक्के भवनों पर 25 पैसा, वर्ग फिट 20 फीट से अधिक 40 फीट तक चौड़ी सड़कों पर स्थित भवन कर 20 पैसा, वर्ग फीट 20 फीट तक चौड़ी सड़कों पर स्थित भवन पर कर 15 पैसा वर्ग फुट लिया जाएगा। इस तरीके से भूमि पर पांच पैसा वर्ग फुट के हिसाब से कर वसूली होगी। जिन भवनों का फर्श व दीवारें कच्चा होंगी वे कर मुक्त मुक्त होंगे। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# करणी सेना ने किया प्रदर्शन जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष सुशीलसिंह चौहान के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जिसमें कहा है कि सनातन धर्म का अपमान करने वाले बौद्ध धर्म के अनुयायियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि थाना राजेपुर के अन्तर्गत ग्राम सलेमपुर में 12 से 16 जून 2025 तक बौद्ध कथा में कथा वाचक वक्ता राम प्रकाश बौध व मान सिंह बौध द्वारा सनातन धर्म में रक्षा सूत्र ( कलावा व तिलक लगाने को गुलामी की पहचान बता कर सनातन धर्म पर प्रहार किया गया जो कि सभी सनातनियों




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते करणी सेना के कार्यकर्ता। अमृत विचार

की आस्था का प्रतीक है। जिससे हम सभी सनातन धर्मियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि समाज में सामाजिक तौर पर किसी के धर्म का अपमान करना या करवाना अपराध की श्रेणी में आता है और समाज में ऐसे अराजक तत्व शांति भंग करने का प्रयास कर रहे है। ऐसे में सनातन धर्म का अपमान करने वाले कथा वक्ता व आयोजक पर मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि 2 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो श्री राजपूत करणी सेना सनातन धर्म की रक्षा व सम्मान में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में आन्दोलन करने के लिये बाध्य होगी।

## चचेरी बहन से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कोंच।** अपनी ही नौ साल की चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने के बाद फरार चल रहे नाबालिग 17 वर्षीय आरोपी किशोर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के नगर से सटे एक गांव में 13 जून की शाम करीब चार बजे नौ साल की एक मासूम मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रही थी तभी उसका चचेरा भाई राज वहां आया और उसको अपने घर पर ले गया था। राज उस मासूम बच्ची को घर के पिछले हिस्से में ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म कर डाला था। घर पहुंची मासूम ने रोते हुए पूरी बात दादी को बताई थी जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने किशोरी को सीएचसी में भर्ती कराया था जहां से उसे उरई जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था और उसके परिजन भी घर में ताला लगा कर भाग गए थे।

# फांसी पर लटका पिता बचा लेकिन बेटे की करंट से मौत

संवाददाता कोंच जालौन

**अमृत विचार।** छानी गांव में बुधवार की देर रात पिता को अस्पताल ले जाने के लिए बक्से से पैसा निकालने के दौरान स्टेबलाइजर के करंट से बेटे की मौत हो गई। काफी देर तक परिजन समझते रहे कि बेटे को पैसे निकलने में देरी लग रही है। काफी देर बाद परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो बेटा जमीन पर अचेत पड़ा था। परिजनों ने तत्काल बाप-बेटे को कोंच के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया और पिता को सरकारी अस्पताल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी निवासी करन बरार (42) ने परेशानी के चलते बुधवार की रात खेत पर पेड़ से फांसी पर लटक गया लेकिन आसपास के लोगों ने देखकर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाने लगे। उसका बेटा पिंटू (15) घर से पैसा उठाने चला गया और बक्से में रखे पैसे उठाने के लिए बक्से के ऊपर रखा स्टेबलाइजर उठाकर रखने लगा तभी वह करंट की चपेट में आ गया और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। परिजन समझते रहे कि बेटे को पैसा निकालने में देर लग रही है इसी के चलते तो काफी देर कर कोई उसे देखने तक नहीं गया। जब काफी देर हो गई तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा जहां पिंटू अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। परिजनों ने तत्काल बाप बेटे को कस्बे के नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया और पिता को सरकारी अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया है। सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी है।

## इंटर की टॉपर ने किया सड़क का लोकार्पण

**उरई जालौन।** बुंदेलखंड विकास निधि से बनाई गई सड़क का गुरुवार को समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के साथ पहुंची इंटरमीडिएट की टॉपर नेहा सिंह चौहान ने सड़क का लोकार्पण किया।

यह सड़क ग्राम में नरेंद्र सिंह के आवास से महेंद्र सिंह के आवास तक बनाई गईं है। साथ ही नाली का निर्माण भी किया गया। इस दौरान सदर विधायक श्री वर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश के सरकार में आज सड़कें गड्ढा मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि लोग आज भी विकास की सरकार के नाम से जाने जाने वाली भाजपा सरकार पर विश्वास कर रहे है। उन्होंने कहा की आने वाले समय में भाजपा फिर से प्रदेश मे हैट्रिक लगाकर सरकार बनाएंगी। इस मौके पर रविंद्र प्रताप सिंह, अग्निवेश चतुर्वेदी, वीरेंद्र निरंजन, कपिल सिंह चौहान, बाला चौहान, रानू त्रिपाठी, निलेश खरे, सर्वेश सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में वर्षों से लोगों द्वारा नालों के ऊपर पुख्ता लेंटर डालकर किए गए अतिक्रमण के कारण नालों की नियमित सफाई नहीं हो पाती थी। बारिश के मौसम में नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव की गंभीर स्थिति बन जाती है । समाधान के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने के साथ ही सफाई अभियान चलाया।

अभियान की शुरुआत छत्रसाल रोड पर खच्चू कबाड़ी के पास बने नाले से की गई। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने नालों के ऊपर पक्के लेंटर डालकर अवैध निर्माण कर रखा था। इन लेंटरों के चलते नगर पालिका की सफाई टीम नालों की गहराई तक पहुंच नहीं पा रही थी, जिससे उनमें सिल्ट जमा होती जा रही थी और पानी की निकासी बाधित हो रही थी। एसडीएम विनय मौर्य, तहसीलदार व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार के निर्देशन में टीम ने जेसीबी मशीन और अन्य संसाधनों की मदद से इन पुख्ता लेंटरों को हटवाया गया। इस दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार का विरोध या बाधा उत्पन्न न हो सके। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लेंटर हटाने के तुरंत बाद नगर पालिका की सफाई टीम ने नालों की सिल्ट हटवाने का कार्य शुरू कर दिया। इस सफाई कार्य में नालों के भीतर जमी हुई गाद, कचरा व प्लास्टिक को निकाला गया। अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में जिन-जिन स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण किया गया है, वहां भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी । इस मौके पर कोतवाल अजीत सिंह, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**सख्ती** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्रवाई को लेकर हुई बैठक

# गैंगस्टर के खिलाफ की जाये कड़ी से कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार ।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में पुलिस लाइन सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातहतों को निर्देशित करते हुए उन्होंने अपराधियों पर कड़ी व कार्रवाई करने को कहा।

इस दौरान कानून व्यवस्था, अभियोजन व्यवस्था तथा नारकोटिक्स नियंत्रण की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में भू




बैठक लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

माफिया खनन माफिया लोकेशन माफियाओं और असामाजिक तत्वों और गैंगस्टरों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। डीएम ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्तों की अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों की पहचान कर उन्हें जब्त (जप्तिकरण) किया जाए, ताकि अपराधियों को आर्थिक रूप से भी कमजोर किया जा सके। उन्होंने अभियोजन के द्वारा वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाए जाने पर संतोष व्यक्त किया और समीक्षा में निर्देश दिए कि हर मामले में मजबूत पैरवी कर अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य किया जाए। नारकोटिक्स, ओवर लोडिंग, और संगठित अपराध के मामलों में पकड़े गए अभियुक्तों की पूरी पृष्ठभूमि की जांच कर उनकी संलिप्तता को उजागर किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सयुंक्त निदेशक अभियोजन कृष्णधर शुक्ला , समस्त एसडीएम, सीओ, एसएचओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

**योग दिवस पर शामिल होंगे प्रभारी मंत्रीः उरई :** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन, जालौन में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 21 जून, 2025 को सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, योग प्रशिक्षक एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं ।

# शिविर में एनसीसी कैडेट्स को बताए गए नशे के दुष्प्रभाव

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार ।** एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान शिविर में आबकारी निरीक्षक कोच विकास कुमार सिंह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। यह कार्यक्रम एनसीसी बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल डॉ. जीएस सरोज के नेतृत्व में करवाया गया और इसकी देखरेख कर्नल सुरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक कैडेट, एनसीसी प्रशिक्षक और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। आबकारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष सरकार ने योग युक्त और नशा मुक्त का नारा दिया है।



नशे के विरुद्ध शपथ लेते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

यह वर्ष नशा मुक्त उत्तर प्रदेश को बल दे रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने नशा न करने की शपथ ली। इस दौरान आबकारी निरीक्षक जालौन देवेश प्रताप सिंह, आबकारी निरीक्षक उरई लोकेश कुमार, आबकारी निरीक्षक माधोगढ़ आजाद कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही विनय मिश्रा, श्रीराम, कार्तिकेय, अनवर, निमेष व अन्य मौजूद रहे।

# विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो

## जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, निपुण भारत मिशन की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/निपुण भारत मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, केजीबीवी, स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नवीन नामांकन, आरटीआई के अंतर्गत छात्रों का प्रवेश, पाठयपुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, मध्याह्न भोजन योजना में छात्र उपस्थिति, डीबीटी, आधार नामांकन स्टेट्स, समर्थ, मानव सम्पदा, शिक्षक स्थानान्तरण एवं अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की।



बैठक में मातहतों को निर्देशित करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

उन्होंने कायाकल्प के तहत सभी विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग शौचालयों की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति 100 प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में सफाई एवं मरम्मत का कार्य करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को यू-डायस पर किया जाए एवं कितने विद्यालय यू-डायस पोर्टल पर है अथवा नहीं हैं इसकी सूची उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में पुस्तकों का वितरण ससमय किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 1200 रु. सभी बच्चों के अभिभावक के खाते में विद्यालय खुलने से पहले भेज दिए जाएं, जिससे कि उनके द्वारा स्कूल खुलने से पहले बच्चों के समय से खरीद लिए जाएं। उन्होंने कहा कि मिड डे मील की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए एवं रसोइयों का भुगतान समय से होना चाहिए। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि नए बच्चों का प्रवेश ज्यादा से ज्यादा किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, समस्त एबीएसए सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कंप्यूटर में कराया जाये समितियों का हिसाब

**इटावा**। जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि समितियों का हिसाब कम्प्यूटर पर कराया जाए एवं सभी डाटा को एनसीडी पोर्टल पर फीड कराया जाए। उन्होंने कहा कम्प्यूटरीकरण कराने पर समिति व किसानों का कोई घाटा नहीं होगा एवं समिति को लाभ होगा और सेविंग भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में अधिक सदस्य हैं वहां कम्प्यूटर ऑपरेटर हायर करके जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि समिति को मजबूत किया जाए एवं समिति को ही खाद, बीज आदि उपलब्ध कराए जाएं जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद, डीएपी, बीज आदि का वितरण किसानों को ही किया जाए और ई-पॉस मशीन द्वारा ही किया जाए साथ ही उन्होंने बताया कि समितियों द्वारा खाद को कही दूसरी जगह या अन्य राज्य में न बेचा जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से ही समितियों को सामान उपलब्ध कराया जाए।

# सपा ब्लॉक अध्यक्ष सहित दो की हत्या के आरोपी दोषी करार

कार्यालय संवाददाता इटावा

- तीन दशक पहले सरे शाम हत्याएं कर लूट ले गए थे रायफल, सात आरोपियों में से दो की हो चुकी है मौत

**अमृत विचार**। तीन दशक पहले बसरेहर सपा ब्लॉक अध्यक्ष तथा उनके गांव के वृद्ध की सरे शाम फायरिंग करके हत्याएं कर दी गई थीं और ब्लॉक अध्यक्ष की लाइसेंसी रायफल लूट ले गए थे। उस समय कई दिनों तक दोहरा हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था, तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को आकर हालात संभालने पड़े थे। इस कांड में सात लोगों को नामजद कराया गया था, सुनवाई के दौरान दो आरोपियों की मौत हो गई। एडीजे अशोक कुमार दुबे ने शेष पांचों को दोषी करार दिया।

बसरेहर ब्लॉक क्षेत्र में गांव बसगंवा में रहने वाले युवा प्रधान अशोक कुमार सिंह यादव को 1993 में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव द्वारा पहला सपा ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया था। सपा बसपा गठबंधन से सरकार बनने पर समूचे क्षेत्र में काफी सक्रिय रहते थे। नौ अक्टूबर 1994 की शाम अशोक अपनी लाइसेंसी रायफल के साथ गांव में ही मौजूद थे तभी हमलावरों ने फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी थी। वहीं विरोध करने वाले गांव के लायक सिंह की भी गोली लगने से मौत हो गई थी। परिजनों के आने तक हत्यारे रायफल लूटकर फरार हो गए थे। अशोक के भाई डीबीए के पूर्व महामंत्री राजेश यादव ने गांव के रमेश यादव सचिव, मोहर सिंह यादव, सिलेटी सिंह, कुलदीप उर्फ करूआ, उमेश तथा चंदजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उस समय इस मामले ने काफी तूल पकड़ा था। उस समय हालात इतने बिगड़ गये थे कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को गांव आना पड़ा था। राजनीति के चलते यह मामला हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जो आरोप पत्र बसरेहर पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत किया गया उसी को माना गया। 2023 में अपर सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में इस मामले की सुनवाई शुरू हुई जिसमें विशेष शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेंद्र गुप्ता ने अपनी टीम के साथ जमकर पैरवी करते हुए साक्ष्यों को प्रस्तुत करके आरोपियों को कड़ी सजा दिए जाने की अपील की। एडीजे अशोक कुमार दुबे ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद आरोपियों को दोषी करार दिया। इस दौरान मोहर सिंह व सिलेटी सिंह की मौत हो चुकी थी। शेष नामजद पांचों को जेल भेजा गया जिन्हें आज शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी।

# स्वास्थ्य शिविर में जांची लोगों की सेहत



नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्‌घाटन करते आशुतोष दीक्षित व मो. राशिद।

कार्यालय संवाददाता इटावा

- राहुल गांधी के जन्मदिन पर यूथ कांग्रेस ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**अमृत विचार**। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर यूथ कांग्रेस के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस शौजब रिज़वी के संयोजन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व शहर अध्यक्ष मो. राशिद खान ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पैथालॉजी की टीम ने मरीजों की डायबिटीज, ब्लड, सुगर आदि व सीबीसी की निःशुल्क जांच की और मरीजों को परामर्श दिया। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व शहर अध्यक्ष मो. राशिद खान ने कहा कि यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी और उनकी टीम ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर का जो आयोजन किया वह सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता कोमल सिंह कुशवाहा, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, वाचस्पति द्विवेदी, ललित दुबे, इकबाल अंसारी, असित यादव, सोहेल अली, सक्षम तिवारी, अंसार हुसैन, मोहसिन अली, लवकुश पाल, सुमित यादव, कुलदीप रहे।

# आठ घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी

**जसवंतनगर**। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने गुरुवार की सुबह मोहल्लों में एक साथ छापेमारी कर आठ घरों में बिजली चोरी पकड़ी।

बिजली विभाग को बीते कई हफ्तों से शिकायतें मिल रही थीं कि नगर क्षेत्र में अघोषित रूप से बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी की जा रही है, जिससे ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर बार-बार जल रहे हैं। विभागीय सतर्कता दल (विजिलेंस) ने इसे गंभीरता से लेते हुए चेकिंग अभियान चलाया। विजिलेंस टीम ने मोहल्ला कोठी कैस्त, कटरा पुख्ता और अन्य इलाकों में चेकिंग की। जिन लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की पुष्टि हुई उनमें संतोष, कमलेश, चंद्रप्रकाश, नीरू शर्मा, राजकांत, आशीष, रामप्यारी और रामदास शामिल हैं। टीम ने इन घरों से चोरी में इस्तेमाल की जा रही अवैध केबल और उपकरण जब्त कर लिए। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसडीओ आनंद पाल ने बताया कि इस छापेमारी में विजिलेंस टीम के जेई अजय श्रीवास्तव, नगर क्षेत्र के जेई कौशल पांडेय आदि रहे।

# पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

- फसल की रखवाली कर वापस आते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार**। इकदिल थाना क्षेत्र के गांव मानिक पुर भीखन में बिजली के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम मानिकपुर भीखन निवासी सचिन ने बताया कि मेरे पिता कुँवर सिंह शाक्य 48 वर्ष पुत्र स्व विशम्बर दयाल शाक्य देर रात्रि खेत से मक्का की फसल की रखवाली कर घर लौट रहे थे। आंनद के प्लाट के पास लगे बिजली के पोल के सपोर्टर तार (खेंच) में उस समय करंट आ रहा था तभी उनका हाथ उस तार में छू गया। इससे वह वहीं गिरकर छटपटाने लगे। ग्रमीणों ने देखा तो बिजली सब स्टेशन चितभवन को फोन करके बिजली कटवाई। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। वहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने बताया कि सात दिन पहले मृतक की मां इन्द्रवती का देहान्त हुआ था। घर वाले अभी एक गम को भुला भी नहीं पाए थे कि घर में एक और व्यक्ति की मौत होने से कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शशि व पुत्र सचिन व मिथुन रोते बिलखते छोड़ गया।

### करंट लगने से लाइनमैन झुलसा

**इटावा**। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत दलवीर नगर में 11 हजार लाइन के ट्रांसफार्मर पर काम कर रहा लाइनमैन करंट लगने से घायल हो गया लाइनमैन शैलेंद्र कुमार 20 दलवीर नगर में 11 हजार की लाइन के विद्युत ट्रांसफार्मर पर काम कर रहा था तभी बिजली करंट लगने से वह घायल हो गया। घटना की सूचना पर उपखण्ड अधिकारी गगन अग्निहोत्री मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डा. शिव मोहन ने बताया कि घायल लाइनमैन की हालत ठीक है।

# चंबल में नहा रहे किशोर पर मगरमछ ने किया हमला, घायल

**इटावा**। गांव जरहौली निवासी प्रशांत 14 वर्ष पुत्र बलवीर गुरूवार की सुबह लगभग 10 बजे अपने दोस्तों के साथ जरहौली स्थित ढकरा की नरिया स्थित चंबल घाट पर गर्मी के चलते नहाने गया था तभी मगरमछ ने उसके ऊपर हमला कर दिया, बालक और उसके साथियों के शोर मचाने पर लोगों के आ जाने पर मगरमच्छ ने उसे छोड़ दिया। मगर हमले में प्रशांत घायल हो गया। घायल बालक की मां ने बताया कि जब बच्चे प्रशांत को घायल अवस्था में घर लेकर आये तो हम लोग उसे उदी सीएचसी ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया।

# डीआईजी ने आरटीसी की तैयारी का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर ने एसएसपी के साथ आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जेटीसी, आरटीसी से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु रिजर्व पुलिस लाइन में व्यवस्थाओं को निरीक्षण को पहुंचे डीआई जी हरीश चंदर का एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। तत्पश्चात गार्द द्वारा सलामी दी गयी। इसके बाद उन्होने पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के साथ आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जेटीसी, आरटीसी की तैयारी के सम्बन्ध में पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, मैस, जिम, शौचालय, पीटी गोदाम, क्लास रूम, आरओ वाटर इत्यादि का निरीक्षण किया एवं चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जेटीसी, आरटीसी की तैयारी के साथ आरटीसी परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु सभी निर्देशित किया। उन्होने कहा कि ट्रेनिग के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने दिशा निर्देश दिए।

**बदला मौसम** बारिश के चलते लोगों को गर्मी से मिली राहत

# धान की नर्सरी के लिए बरसा अमृत

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। बुधवार की रात व गुरुवार की शाम को हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरों पर रौनक आ गई। पानी खेती के लिए काफी उपयोगी है, जिससे किसान काफी खुश है। इस समय धान की नर्सरी तैयार की जा रही है और यह बारिश धान की नर्सरी के लिए किसी अमृत के समान है।



बारिश होने पर खेत में धान की नर्सरी डालते किसान। अमृत विचार

मौसम बदलने के साथ ही मंगलवार को सुबह हल्की बारिश हुई थी। उसके बाद ही किसान खेतों की तैयारी में जुट गए थे। गुरुवार की शाम को हुई झमाझम बारिश से किसान काफी खुश हैं। इससे उन्हें अपने खेत नई फसल के लिए तैयार करने में आसानी होगी। नर्सरी तैयार होने के बाद ही रोपाई की जाएगी। धान की नर्सरी को काफी पानी की जरूरत होती है और इस बारिश से काफी जरुरत पूरी हो रही है।

मानसून 20 जून को आएगा लेकिन किसानों को उम्मीद है कि एक-दो दिन में फिर बरसात होगी जो धान की नर्सरी के लिए फायदेमंद होगी। इसके साथ ही घुइया की खेती के लिए भी ज्यादा पानी की जरूरत होती है, इसीलिए यह तालाब, नहर, बंबा के किनारे होती है। मंगलवार की बारिश से घुइया की खेती को भी फायदा हुआ है और घुइया की खेती की एक सिंचाई करने से किसान बच गए। इस बारिश के बाद किसान तेजी के साथ खेतों की जुताई में जुट गए हैं ताकि जल्दी ही अपने खेतों को नई फसल के लिए तैयार कर सकें। गुरूवार को पूरे दिन बादह छाए रहे शाम के समय झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से किसान काफी खुश नजर आ रहे है।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# तीन मेडिकल स्टोर को नोटिस, एक की दवा बिक्री रोकी

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** ड्रग इंस्पेक्टर ने संचालित मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। इस दौरान उन्होंने बिना फार्मासिस्ट कागज के संचालित मिले एक मेडिकल स्टोर पर दवा बिक्री पर रोक लगाई। वहीं, तीन मेडिकल स्टोरों से सैंपल लिए। इस बीच दवाओं की खरीद व बिक्री के बिल न दिखा पाने पर उन्हें तीन से सात दिन में बिल प्रस्तुत करने के नोटिस जारी किए।

ड्रग इंस्पेक्टर ज्योत्सना आनंद गुरुवार को कस्बा के सराय बाजार पर संचालित अनुज मेडिकल स्टोर पर पहुंचीं। वहां उन्होंने मेडिकल स्टोर पर मौजूद दवाओं का निरीक्षण किया। यहां से कई दवाओं के सैंपल लिए। इस दौरान उन्होंने हरी मेडिकल स्टोर संचालक से दवा के क्रय-विक्रय के बिल मांगे, लेकिन वह दिखा नहीं सका। यहां से ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा का सैंपल लिया। इसके बाद दुर्गेश मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। वहां मेडिकल स्टोर को बिना फार्मासिस्ट कागज के संचालित होना पाया। कई मेडिकल स्टोर ने दुकान बंद करके भाग गए। जिससे ग्राहकों को दवाई लेने के लिए परेशानी हुई।

- छापा की कार्रवाई देखकर कई दुकानदारों ने बंद की दुकानें



मेडिकल स्टोर पर चेकिंग करते अधिकारी। अमृत विचार



सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

## सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**अछल्दा, औरैया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जांचा। सीएमओ ने अस्पताल के रजिस्टरों, दवा स्टॉक और वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों से बात कर इलाज की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं से उनकी सुविधा और भुगतान से संबंधित जानकारी प्राप्त की। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड धारकों को मिल रही सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन कुछ खामियों को लेकर नाराजगी भी जताई। सीएमओ ने संबंधित कर्मचारियों को समय पर रजिस्ट्रेशन अपडेट करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं बिना किसी बाधा के पहुंचे। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक जितेंद्र यादव, शिवेंद्र सिंह चौहान, मुकेश कुमार, डॉ. गौरव कुमार, अमरदीप चौधरी, राजेश यादव आदि है।

## युवक की संदिग्ध हालातों में मौत

**रुरुगंज, औरैया।** रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव गुरुखुन्दा निवासी स्व.मानसिंह यादव का 23 वर्षीय पुत्र गौरव यादव मजदूरी करता था, पिछले कुछ दिनों से वह अस्वस्थ था और आगरा के एक अस्पताल से उपचार चल रहा था। बुधवार शाम घर के एक कमरे में वह लेटा हुआ था इसी दौरान उसे उल्टी हुई। उल्टी होते ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही घर के आसपास गांव के लोग की भीड़ जुट गई। बड़े भाई सुमित यादव व आनन्द यादव एवं बहिन दीनू का रो रोकर बुरा हाल था। स्वजनों ने बताया कि पिछले कुछ समय से वह बीमार चल रहा था। गुरुवार को अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया गया। म्रतक के माता पिता की मौत पहले ही हो चुकी थी।

# पति की मौत के बाद ससुराल वालों ने हड़पा मकान, ज्ञापन

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र की कराहता गांव निवासी राखी यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पति शिववीर यादव की कैंसर से मृत्यु हुई। आरोप है कि उसकी सास आदेश कुमारी और नंदों ने पति की बीमारी का फायदा उठाया। 24 अप्रैल 2025 को जब उनके पति अंतिम सांसें ले रहे थे, तब ससुराल वालों ने गाजियाबाद के आजाद विहार कॉलोनी में स्थित मकान को फर्जी हस्ताक्षर से अपने नाम करवा लिया।

13 जून 2025 को राखी जब अपने भाई के साथ ससुराल गई तो वहां उसके साथ मारपीट की गई। सास ने गाली-गलौज की। ससुर मेहताब ने चाकू से हमला किया। चचिया ससुर सहदेव ने गला दबाने का प्रयास किया। सुषमा और हैप्पी ने गांव वालों को भड़काकर मारपीट करवाई। पीड़िता ने हेल्पलाइन नंबर 1076 और 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने केवल शिकायत सुनकर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पहले भी राखी ने थाने में शिकायत की थी। उस समय बेटी के पालन-पोषण के लिए 5,50,000 रुपये का समझौता हुआ था। राखी का कहना है कि ससुराल वाले उसे लगातार धमकी देते हैं। वे उस पर गलत आरोप लगाकर समाज में बदनाम कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को कार्रवाई करने व न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

- कुदरकोट थाना क्षेत्र के कराहता गांव की है पीड़िता

# 8 नकाबपोशों ने युवक पर चाकू से हमला कर नकदी व चेन लूटी

### कोतवाली क्षेत्र रुरुखुर्द गांव के पास हुई वारदात, घात लगाकर बैठे थे बदमाश



अस्पताल पहुंचकर जांच करती पुलिस। अमृत विचार



घटना के बाद मौके पर जमा लोग। अमृत विचार

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र रुरुखुर्द गांव के पास नकाबपोश 8 बदमाशों ने दूध लेकर वापस लौट रहे युवक को घेर लिया। बदमाशों ने युवक से मारपीट करने के बाद 30 हजार रुपये और सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने की बात कही है।

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही पुलिस

रुरुगंज निवासी शिवम सिंह नगला पतू सुबह 6:30 बजे गांव से दूध और 30 हजार रुपये लेकर लौट रहे थे। जैसे ही वह रुरुखुर्द के श्यामलाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के सामने पहुंचे। तभी विद्यालय के पीछे पहले से घात लगाए तीन बाइक पर सवार 8 नकाबपोश बदमाशों ने शिवम को घेर लिया और डंडों और बेल्ट से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने शिवम की जेब से 30 हजार रुपये और गले से सोने की चेन छीन ली। जबकि वह मोबाइल फोन वहीं फेंककर फरार हो गए। हेलमेट पहने होने के कारण शिवम के सिर में चोट नहीं लगी जबकि शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस ने शिवम से घटना की जानकारी की और उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया। चौकी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना का अनावरण करने का प्रयास कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में काली व एक सफेद बाइक पर नकाबपोश बदमाश भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने कहा कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अतिशीघ्र घटना का अनावरण कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## डीएम ने योजनाओं की समीक्षा की

**औरैया।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि प्राप्त सन्दर्भों का सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आज ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आख्या उपलब्ध कराएं।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने यह भी निर्देश दिए कि विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी लाभपरक योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्रों का सत्यापन करते हुए निस्तारण करें जिससे योजनाओं का पात्रों को लाभ दिया जा सके। उन्होंने डीसीएनआरएलएम तथा जेएमडीआईसी को निर्देशित किया कि वह लक्ष्य के सापेक्ष समूह की महिलाओं का सीसीएल तथा उद्योग विभाग द्वारा दिए जाने वाले ऋण संबंधी पत्रावलियों का बैंक शाखा में पहुंचकर निस्तारण करते हुए संबंधितों को दो दिन में ऋण दिलाना सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में जिस स्तर पर भी आमजन द्वारा किसी कार्य हेतु लिए जाने वाले अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित जो भी पत्रावलियां किसी भी स्तर पर लंबित हैं।

# कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों का पुनः ठहराव करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कोरोना महामारी के दौरान बंद की गई ट्रेनों का पुनः ठहराव के किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे ने हिमांशु शुक्ला (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक) को पत्र लिखकर उन ट्रेनों को अछल्दा स्टेशन पर ठहराव की मांग की है। जो कोविड-19 के समय अछल्दा स्टेशन पर स्थगित कर दी गई थीं, ट्रेन महानन्दा एक्सप्रेस, टाटा मुरी एक्सप्रेस व संगम एक्सप्रेस और अब तक बहाल नहीं की गईं।सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इन ट्रेनों के बंद रहने से आम यात्रियों, विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों महेवा, रुरुगंज, बिधूना, एरवाकटरा, बेला, सल्हूपुर, निवाड़ी कला, अहेरिपुर, से जुड़े लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अब जब देश में परिस्थितियां सामान्य हो चुकी हैं, ऐसे में रेलवे को जल्द से जल्द इन ट्रेनों को फिर से शुरू करना चाहिए। रेलवे से अनुरोध किया गया है कि वह स्थिति की समीक्षा कर जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय ले। सांसद का यह कदम आम लोगों की आवाज को संसद तक पहुंचाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। वहीं औरैया जिला के घसारा हाल्ट को रेलवे स्टेशन बनाये जाने की मांग की है। क्योंकि घसारा हाल्ट पर तीन मेमू ट्रेन का ठहराव है।

- सांसद ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को लिखा पत्र

## फफूंद स्टेशन पर दो ट्रेनों की बहाली की मांग

**दिबियापुर।** कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों की बहाली को लेकर स्थानीय लोगों की मांग अब संसद तक पहुंच गई है। क्षेत्रीय इटावा सांसद ने फफूंद रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली दो महत्वपूर्ण ट्रेनों देहरादून एक्सप्रेस और अजमेर जयपुर एक्सप्रेस को ठहराव किये जाने की मांग को लेकर रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखा है। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि फफूंद स्टेशन से आस-पास क्षेत्र के लोग दूर-दूर से यात्रा करते है। क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छात्र, मरीज और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोग प्रभावित हो रहे हैं। सांसद ने कहा कि फफूंद जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर सीमित रेल सेवाएं होने के कारण लोगों को दूरदराज के स्टेशनों तक जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। उन्होंने रेलवे से मांग की है कि जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फफूंद स्टेशन पर दोनों ट्रेनों को जल्द से जल्द ठहराव किया जाए। सांसद का यह कदम स्थानीय लोगों में आशा की एक नई किरण लेकर आया है।




# खेत पर काम कर रहे किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भटौली में खेत पर काम करते वक्त तेज बारिश के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

गुरुवार को अचानक हुई बारिश के चलते क्षेत्र के ग्राम भटौली में उसे वक्त आकाशी बिजली गिरी जब ग्राम निवासी रामबाबू उर्फ रामू तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी उम्र करीब 45 वर्ष अपने खेत पर काम कर रहे थे। उसी दौरान आकाशी बिजली खेत पर जा गरी जिसकी चपेट में वह आ गए और मौके पर ही किसान की दर्दनाक मौत हो गई। खेतों के आसपास काम कर रहे ग्रामीणों के द्वारा किसान के परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे जहां शव देख कोहराम मच गया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बेला, बिधूना,औरैया।** थाना सीमा के अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र के बेला दिबियापुर मार्ग पर पटना गांव में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे एक की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मानसिंह, चंद्र प्रकाश निवासी बेला बाइक द्वारा सहार से बेला की तरफ आ रहे थे। जैसे ही पटना गांव में पहुंचे कि अचानक तेज अनियंत्रित रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि चंद्र प्रकाश पुत्र प्रसादी लाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष बेला गंगादास गौतम एवं सहार थाना अध्यक्ष पंकज मिश्रा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। वह दोनो बाइक सवारों को सीएचसी सहार ले गए।जहां पर चिकित्सकों ने चंद्र प्रकाश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मान सिंह की नाजुक हालत को देख कर प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

# अनु. जनजाति अधिनियम का दुरुपयोग रोके जाने की मांग

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** अनुसूचित जनजाति अधिनियम का दुरुपयोग रोके जाने की मांग को लेकर गुरुवार को जन जागरण समिति द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित 82वां ज्ञापन जिला मुख्यालय ककोर पर अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह को सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने, इसके अंतर्गत लिखाए गए फर्जी मुकदमों की जांच कराए जाने तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई है। जन जागरण समिति के संयोजक महेश पांडेय ने बताया कि जबतक इसका दुरुपयोग रोके जाने के लिए संशोधन नहीं हो जाता तब तक प्रत्येक माह को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा। इसके अतिरिक्त माता-पिता की इच्छा के, विरुद्ध प्रेम विवाह करने वाले लड़के और लड़कियों की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष किए जाने तथा प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति किये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित 32वां ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन देते समय रामनाथ त्रिपाठी श्याम बाबू, शर्मा गिरीश सिकरवार, मिलन चौबे, भानु प्रकाश केवट, सुरेश चंद तिवारी, सुरेश कुमार मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने किया योगाभ्यास

**औरैया।** 15 से 21 जून 2025 तक चल रहे योग सप्ताह के छठवें दिन आयुष विभाग द्वारा आनेपुर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों और महिलाओं को योग से निरोग रहने की जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक शशिराज सेठ व उत्कर्ष सिंह ने बुजुर्गों और महिलाओं को योग करवाया और उन्हें योग क्रियाएं भी सिखाईं।

मास्टर ट्रेनर शशिराज सेठ ने बताया कि बड़े बुजुर्ग एवं महिलाएं निरोग और तनाव मुक्त जीवन यापन कर सकें। इसके लिए आयुष विभाग लोगों को आयुर्वेद व योग से लाभांवित कर रहा है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योग शिविर लगाने की योजना है।

## सार-संक्षेप

### 33 केवी लाइन में गिरी आकाशीय बिजली, 15 घंटे गुल रही बिजली

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा से लेकर गांव क्षेत्र में बुधवार रात तेज बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली के चलते 33 केवी की हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट आ गया। जिससे 15 घण्टे के लिये नगर व गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अछल्दा विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी 33 केवी लाइन पर देर रात बिजली गिर गई, जिससे लाइन में तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते फीडर अछल्दा, रुरुगंज, मुहम्दाबाद, न्यू अछल्दा और आसपास के कई गांवों की सप्लाई प्रभावित हो गई। विद्युत विभाग की टीम सुबह से ही फाल्ट ढूंढने व मरम्मत कार्य में जुटी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। वहीं, अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने विभाग से जल्द सुधार कार्य पूरा कर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**औरैया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अयाना की स्वास्थ्य टीम ने गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र नारायनपुर दक्षिणी के आधा सैकड़ा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें बच्चों का वजन लेने के साथ-साथ लम्बाई भी नापी गई और भीषण गर्मी को देखते हुए खान-पान की उचित सलाह भी दी गई। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अयाना की टीम ने चिकित्साधिकारी डॉक्टर नागेंद्र यादव की देखरेख में आंगनबाड़ी केंद्र पर 50 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें नेत्र परीक्षण, कान परीक्षण, खून की कमी, जन्मजात दोष सहित कई परीक्षण किए गए। यहां पर लगभग 65 बच्चे पंजीकृत हैं जिसमें 50 बच्चों का परीक्षण किया गया। इस मौके पर डॉ. नागेंद्र यादव, डॉ. एमएम अशरफ, फार्मासिस्ट रौली तथा अनीता साथ रहीं।

**समस्या** अछल्दा चौराहा, बाबरपुर, चमनगंज में सड़क पर ही खड़ कर देते हैं वाहन

# अवैध ऑटो स्टैंड बन रहे जाम और दुर्घटना का कारण

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद में अछल्दा चौराहा से दिबियापुर जाने वाले आटो बीच चौराहे पर अवैध रूप से खड़ा किये रहते हैं, जिससे रोड पर जाम लग जाता हैं। यही हाल कस्बे के बाबरपुर रोड का है। जहां पर अवैध रूप से संचालित हो रहे स्टैंड जिससे बाबरपुर, अछल्दा, औरैया, दिबियापुर जाने वाले सम्पर्क मार्गों को जाम किए रहते हैं। तथा मुख्य मार्गों पर सवारियां भरते हैं, इससे सुबह-शाम भारी परेशानी होती है।

ऑटो चालकों द्वारा सड़क पर ही वाहन लगाकर घंटों सवारियों को आवाज लगाई जाती है, इससे सड़क पर जाम लग जाता है। कस्बे के चमनगंज में निकला नाला से ई रिक्शा वालों ने अवैध रूप से स्टैंड बना रखा है। जिससे बाजार में जाने वाले निजी वाहनों को काफी मशक्कत से गुजरना पड़ता है। कस्बे के किसी भी चौराहे व तिराहे पर देखा जाए तो ऑटो व ई रिक्शा चालक काफी दूर तक ऑटो ई रिक्शा को सड़क पर ही लगा देते हैं। जिससे राहगीरों के साथ-साथ दुकानदारों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यातायात भी प्रभावित होता है और राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सवारियां बैठाने को लेकर इन ऑटो रिक्शा चालकों के बीच अक्सर मारपीट भी होती रहती है।

- ई-रिक्शा व ऑटो चालक मनमर्जी से कहीं भी वाहन खड़ा कर भरने लगते हैं सवारी



सड़क पर खड़े ऑटो। अमृत विचार



रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से बूम क्षतिग्रस्त, दोनों तरफ लगा लंबा जाम

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर गुरुवार दोपहर करीब 3 :50 बजे अछल्दा स्थित 13-बी रेलवे फाटक पर एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे फाटक का बूम क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद से रेलवे फाटक खोलने में दिक्कत हो गई। कर्मचारियों द्वारा तुरंत इमरजेंसी बूम लगाकर व्यवस्था बहाल की गई, लेकिन इस बीच दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वाहन चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे स्टाफ मौके पर पहुंचा और वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए कुछ ही समय में दोनों ओर इमरजेंसी बूम लगाए गए। फाटक बंद होने के कारण करीब आधे घंटे तक वाहनों की आवाजाही ठप रही, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# गर्मी से 15 से ज्यादा मोरों की गई जान

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** चौकी क्षेत्र के कंचौसी गांव में पिछले 5 दिनों से भीषड़ गर्मी व कुत्तों के शिकार के कारण 15 से ज्यादा राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत होने से गांव में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना सत्यम गुप्ता जिला बालोपासना प्रमुख बजरंग दल के द्वारा प्रशासन को दी गई तो तत्काल ब्लॉक से पशुपालन विभाग की टीम ने आकर घायल मोरों का इलाज किया, साथ ही वन विभाग के अधिकारियों ने भी अपनी टीम के साथ गांव में आकर पूरे दिन निरीक्षण किया ।

वन विभाग के रेंजर राम कृष्ण राठौर ने बताया कि प्रथम दृष्टि से देखकर ये लगता है कि सभी मौतों का कारण गर्मी में पानी की कमी है, पानी नहीं मिलने से वह अस्वस्थ्य हो जाती हैं और वह आसानी से कुत्तों का शिकार बन रही हैं। मृत मोरों को हम पोस्टपार्टम के लिए भेज रहे है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मंजुल गुप्ता, उत्तम, वैभव, अक्षय, गोकुल, शरद, कन्हैया, कुणाल, केशव सहित कई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वन विभाग टीम के साथ मौजूद रहे।

## कुत्तों के हमले में 27 भेड़ों की मौत, 10 घायल

**रूरूगंज, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुरुकला निवासी बीरू सिसौदिया भेड़ पालन का कार्य करता है, मौजूदा समय उसके पास 80 भेड़ हैं। बुधवार रात भेड़ों को दाना पानी कर वह घर चला गया। इस बीच बाड़े के अंदर रात के समय आवारा कुत्तों ने भेड़ों पर हमला कर दिया। जिसमें 27 भेड़ों के पेट फाड़ दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं 10 घायल हो गईं। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना की जांच की। भेड़ पालन करने वाले युवक बीरू सिसौदिया ने बताया कि बाड़े में लगा जालीदार फाटक कुछ दिन पहले गिर चुका था। इस वजह से उसने रोकथाम करने के लिए वहां चारों तरफ मोटी जाली (फैंसिंग) लगा रखी थी। बुधवार रात आठ से 10 कुत्ते बाड़े के अंदर घुस गए और भेड़ों पर हमला कर दिया। गुरुवार सुबह भोर करीब चार बजे वह बाड़े में गया तो उसने देखा बाड़े में भेड़े इधर-उधर पड़ी हुई थी, पास जाकर देखा तो उनके पेट फटे हुए थे और वह मर चुकी थीं, इनमें कुछ घायल थीं। सूचना मिलते ही वहां गांव वालों की भीड़ लग गई। बीरू ने बताया कि बाड़े में उसकी करीब 80 भेड़ें थीं। इसमें कुत्तों ने 27 को नोच नोचकर मार डाला और करीब 10 घायल हैं। सूचना मिलते ही पशुपालन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम भी कराया गया। सूचना पर लेखपाल कपिल कुमार ने वहां पहुंच कर छानबीन की।

## एक नजर

### उधार के रुपये मांगने पर भाई-भतीजे ने पीटा

**मौदहा( हमीरपुर)।** अपने भाई को उधार दिए दस हजार रुपये वापस मांगने पर भाई भतीजे सहित भाभी ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी बजरंगपुर डेरा निवासी विद्या सागर पुत्र पुतू प्रसाद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते बुधवार की शाम उसने अपने बड़े भाई मकरध्वज से उधार दिए हुए दस हजार रुपये मांगे तो भाई मकरध्वज ने अपने पुत्र पंकज व पत्नी चुन्ना के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके शरीर में चोंटे आईं हैं।

### अज्ञात लोडर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा( हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला हैदरिया निवासी चंद्रप्रभा पत्नी सुरेश कुमार ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती 16 जून की रात उसका पति कपसा रोड से पैदल घर आ रहा था। तभी छिमौली तिराहे के निकट लापरवाही से चलाते हुए अज्ञात लोडर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पति को गंभीर चोंटें आईं हैं। जिनका अभी भी इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रशिक्षण आज

**हमीरपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देशों के तहत जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 229 राठ के सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ व सुपरवाइजरों को 20 जून को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिमन्यु राठ तहसील सभागार में देंगे।

### जलापूर्ति के लिए लगी नई मोटर

**सुमेरपुर( हमीरपुर)।** चार दिन से खराब पड़े रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगे नलकूप संख्या 4 में जल संस्थान ने गुरुवार को नई मोटर डालकर शाम तक आपूर्ति बहाल करने की जद्दोजहद शुरू की है। पिछले चार दिनों से जलापूर्ति ठप होने के कारण वार्ड संख्या 14 एवं 7 के वाशिंदे परेशान है। करीब पांच हजार की आबादी एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान है। बांदा मार्ग के किनारे रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगा जल संस्थान का नलकूप संख्या 4 पिछले 4 दिनों से मोटर फूंक जाने से बंद है। बुधवार को जल संस्थान ने मोटर को खुलवाकर मरम्मत के लिए वर्कशाप भेजी थी। लेकिन समय से मोटर नहीं बनने के कारण गुरुवार को समस्या को मद्देनजर रखकर मुख्यालय से नई मोटर मंगाकर जलापूर्ति शुरू कराने की जद्दोजहद शुरू की गई है। जल संस्थान के अवर अभियंता वीपी सिंह ने बताया की नई मोटर डाली जा रही है। शाम तक इसको चालू कराकर आपूर्ति शुरू की गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, तीन झुलसे

## बारिश से बचने को ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे बैठे थे मजदूर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार शाम तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन मजदूर झुलस गए। सभी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

कुरारा प्रतिनिधि के अनुसार ब्लाक के हरेहटा गांव में शाम मवेशी चरा रही मीरा प्रजापति (45) पत्नी मदन लाल आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गई। उसे सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर सरीला के बंगरा गांव में शाम आकाशीय बिजली गिरने से सत्तीदीन (55) की मौत हो गई जबकि गोविंदा (19), रामपाल (50) व रमेश (45) गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मजदूर बारिश से बचने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे बैठे थे तभी आकाशीय बिजली तेज आवाज के साथ गिरी। दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



गलियों में बहता बारिश का पानी। अमृत विचार

### झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे सहित क्षेत्र गुरुवार शाम हुई झमाझम बारिश से गलियां पानी से सराबोर हो गई। वहीं लोगों को गर्मी से राहत मिली।

गुरुवार शाम कस्बा सहित क्षेत्र में तेज हवाओं और गरज के साथ तेज बारिश हुई। जिससे गर्मी से झुलस रहे लोगों ने जहां राहत की सांस ली। वहीं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बारिश के पानी में भीगकर बारिश का आनंद लिया।

जगह जगह पर बच्चों के झुंड बारिश के पानी में भीगते नजर आए। हालांकि इस बार अधिक गर्मी के चलते मानसून तय समय पर आ गया है। जिससे बीते सालों की अपेक्षा औसत बारिश होने का अनुमान है।

## पत्नी ने पति को ससुराल बुला पीटा

**हमीरपुर।** दस माह से मायके में रह रही पत्नी ने पति को बहाने से बुलाकर परिजनों के साथ पति की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती की।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर नगर नौबस्ता निवासी अभिषेक पुत्र राजेंद्र अंबेडकर ने बताया कि तीन वर्ष पहले इंगोहटा गांव के छोटेलाल की पुत्री रोशनी से विवाह हुआ था। दस माह पहले रोशनी अपनी दो वर्ष की पुत्री को लेकर मायके चली गई। अभिषेक भी दिल्ली में एक कंपनी में काम कर रहा था। अभिषेक अपने घर आया था। उसने पत्नी रोशनी से ससुराल आने को फोन से बात की। जिस पर रोशनी ने अभिषेक को साथ में दिल्ली चलने का बहाना बना कर मायके बुला लिया। मंगलवार को जैसे ही अभिषेक रोशनी को लेने इंगोहटा ससुराल पहुंचा। तभी दरवाजे पर खड़ी रोशनी ने दहेज में दी बाइक छीन ली और पिता छोटेलाल, मां और भाई को बुलाकर अभिषेक की लाठी डंडों से पीटाई करा दी। अभिषेक किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला। उसने इंगोहटा चौकी, सुमेरपुर थाना पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई। किन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से आहत होकर गुरुवार को एसपी को शिकायती पत्र सौंपा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पोल सहित ट्रांसफार्मर गिरा, हादसा बचा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर थानाक्षेत्र के पत्योरा ग्राम के मजरा मुच्छी ताला में बीच बस्ती रोड किनारे एचटी लाइन के पोल में रखा ट्रांसफार्मर टैक्टर की टक्कर से पोल समेत गिर गया। इस घटना से रोड किनारे बैठे कई लोग बाल-बाल बच गए व पास के घरों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही की घटना से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी।

ज्ञात हो की पूर्व में इस जर्जर पोल को बदलने की मांग उठी थी लेकिन विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। मजरे के रामकरण निषाद, लखन, छोटू, बद्री, मनीराम, राजेश, छोटटन, सुखलाल आदि ने बताया जर्जर पोल बदलने को पहले भी विभाग को सूचना दी जा चुकी है। लेकिन कुछ नहीं हुआ। गुरुवार को खेत में गोबर की खाद (पास) डालने जाते समय एक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से जर्जर पोल तीन टुकड़ों में धराशाई हो गया। साथ ही ट्रांसफार्मर भी गिर गया जिसका तेल रोड में बह गया। जिसे मजरे के लोग बोतलों आदि में भरने को उमड़ पड़े। लोगों ने बताया पोल गिरने पर लगा की बड़ा हादसा हो गया। लेकिन ईश्वर की कृपा से लोग बाल बाल बच गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।



ट्रैक्टर से क्षतिग्रस्त पोल। अमृत विचार

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मारकर भागे ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़कर थाने में खड़ा कराया है। थानाक्षेत्र के मुंडेरा गांव के निवासी सीमा ने बताया कि बीते 5 जून को पति जितेंद्र सड़क किनारे खड़े थे। वह दरवाजे पर बैठी थी। तभी सुबह करीब 9 बजे ट्रैक्टर चालक विनेश निवासी सिसोलर तेजी से ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और पति को टक्कर मार कर सिसोलर की तरफ भाग गया। सूचना पर सिसोलर पुलिस ने ट्रैक्टर को पकड़कर थाने में खड़ा कराया है। युवक का उपचार कानपुर में चल रहा है और वह कोमा में हैं।

**ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायलः बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी संदीप वर्मा बाइक से बुधवार को शाम अपनी बहन की ससुराल थाना कुरारा के मिश्रीपुर गांव में गया था। गांव के बाहर पहुंचने पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे संदीप अचेत होकर गिर गया। ग्रामीणों ने फोन से थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- **महिला के मायके पक्ष ने लगाया हत्या करने का आरोप**

**अमृत विचार।** चिकासी थानाक्षेत्र के रिहुंटा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित अन्य ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

चिकासी थाना के अंतर्गत रिहुंटा गांव की निवासी किरन (28) पत्नी अरविंद ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गुरुवार की सुबह करीब दस बजे अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने किरन को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये। खेड़ाशिलाजीत गांव निवासी मृतका के पिता रामभजन ने बताया कि उसने अपनी पुत्री किरन का विवाह वर्ष 2017 में चिकासी थानाक्षेत्र के रिहुंटा गांव के निवासी अरविंद के साथ किया था। बताया कि विवाह के बाद से ही पति अरविंद व सास ससुर का व्यवहार उसकी पुत्री के प्रति अच्छा नहीं रहा है। उक्त लोग उसकी पुत्री के साथ झगड़ा कर मारपीट भी करते रहते थे। बताया कि उसकी पुत्री बीते काफी दिनों से अपने मायके ग्राम खेड़ा शिलाजीत में रह रही थी। आरोप लगाया कि पति सहित अन्य ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या कर दी है।

# सड़क हादसों में महिला सहित 12 घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कई घायलों की उच्च संस्थान के लिए रेफर किया गया।

मौदहा संवाददाता के अनुसार बुधवार की रात मवइया गांव निवासी उमाकांत (24) पुत्र चंद्रभान साथ में बाइक सवार शैलेंद्र (26) पुत्र रमाशंकर कस्बे से गांव की ओर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 34 में बाइक का संतुलन खो देने पर सड़क किनारे गिर घायल हो गए। दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने




सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार गुरुवार की दोपहर दो बाइकों की आपसी टक्कर से छह लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसमें प्रमोद पुत्र मंशाराम निवासी राठ, मुकेश (35) पुत्र कामता प्रसाद निवासी इंगोहटा, हिमांशु पुत्र मुकेश, शमी पुत्र मुकेश निवासी इंगोहटा, विद्या देवी पत्नी संतराम, बंटू (19) पुत्र संतराम निवासी करगांव शामिल है।

सुमेरपुर संवाददाता के अनुसार फतेहपुर निवासी कृष्णा (24) कस्बे में बाबा कंस्ट्रक्शन के यहां काम करता है। रात करीब 9 बजे यह फैक्टरी एरिया से कस्बे की ओर आ रहा था। तभी पुलिस चौकी के पास रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने इसे पीएचसी भेजा। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कुरारा संवाददाता के अनुसार थानाक्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी विजय (23) पुत्र स्वामीदीन बुधवार को कुरारा मनकी मार्ग में बाइक असंतुलित होकर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको एंबुलेंस से सीएचसी उपचार के लिए भेजा गया। वहीं मुस्करा थानाक्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी पप्पू (19) पुत्र भारत व संदीप (18) पुत्र राम भरोसे सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिनको कस्बे की सीएचसी भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिन

**राठ( हमीरपुर)।** कस्बे के सत्कार वाटिका पैलेस में नेता विपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने कहा कि राहुल गांधी आवाम के सच्चे हितैषी नेता है। वह जातिगत जनगणना के माध्यम से देश के किसान, मजदूर, युवाओं को उनका अधिकार दिलाना चाहते हैं। पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए वह दृढ़ संकल्प हैं। इस मौके पर डा.मोतीलाल, चंद्रशेखर अहिरवार, हरिशरण, नीरज प्रजापति, सुरेश राजपूत, मैयादीन साहू, डॉ.श्रीवास राजपूत, मुन्नीलाल कुशवाहा, दुष्यंत राजपूत, हरनारायन अनुरागी, आलोक शर्मा, आशीष लोधी, धीरेंद्र यादव, बारेलाल अहिरवार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोतवाली में प्रदर्शन करती महिलाएं। अमृत विचार

### पिता पुत्र से परेशान महिलाओं ने कोतवाली में प्रदर्शन कर दी तहरीर

**राठ( हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मलौंहा गांव में दबंग पिता पुत्र से परेशान महिलाओं व पुरुषों ने कोतवाली में एकत्रित होकर एवं दबंग पिता पुत्र के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मलौंहा गांव की निवासी महिला हीरा, ज्ञानवती, रामदेवी, बड़ी, कला, उमा, देशरानी व मनीराम सहित अन्य तमाम लोगों ने कोतवाली में मामले की लिखित तहरीर देकर बताया कि गांव के दबंग पिता पुत्र उन सभी लोगों के साथ गाली गलौज कर उन्हें प्रताड़ित करते रहते है। बताया कि वह सभी लोग अपने-अपने घरों के पास खाली पड़ी जगह का उपयोग बीते कई वर्षों से करते आ रहे हैं। लेकिन उक्त पिता पुत्र उक्त जगह को अपनी जगह बात कर कब्जा करना चाहते हैं। बताया कि गुरुवार को गांव निवासी पानवती पत्नी नारायण का चबूतरा भी जेसीबी मशीन से तोड़ दिया है। महिलाओं ने कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**मौदहा( हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली पुलिस ने कस्बे के निकट सिजनौडा रेलवे क्रासिंग के पास से बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थानाक्षेत्र के गोबरहिया निवासी नुरसाद अंसारी पुत्र तमजीद अंसारी को छह किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।बताते चलें कि कानपुर दुर्ग के बीच चलने वाली बेतवा एक्सप्रेस के माध्यम से कस्बे सहित क्षेत्र में उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना आदि राज्यों से छत्तीसगढ़ के रास्ते गांजा की तस्करी की जाती है और इस काम को अधिकांश नवयुवकों के साथ ही युवतियां और छोटे बच्चों को साथ लेकर चलने वाली महिलाएं बखूबी अंजाम दे रही हैं। जबकि कई बार पुलिस ने गांजा की बड़ी खेपों को पकड़ कर इनके विरुद्ध कार्रवाई भी की है, लेकिन क्षेत्र में गांजा तस्करी बदस्तूर जारी है।



पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर।

### आम रास्ते में बना सीवर टैंक कराया ध्वस्त

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड नंबर दो में आम रास्ते में सीवर टैंक बनाकर अतिक्रमण करने से लोगों को भारी दिक्कतें हो रही थीं। गुरुवार को प्रभारी ईओ ने नगर पंचायत की टीम के साथ पुलिस के मौजूदगी में टैंक तोड़कर अतिक्रमण हटवा दिया। कस्बे में वार्ड दो निवासी लल्लन ने आम रास्ते पर अपने घर के सामने सीवर टैंक बनाकर अवैध अतिक्रमण कर लिया था। बृहस्पतिवार को प्रभारी अधिशासी अधिकारी बलराम गुप्ता नगर पंचायत की टीम व पुलिस को साथ लेकर आम रास्ते में बनाए गए सीवर टैंक को जेसीबी तोड़ दिया गया। साथ ही इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू कराया गया। नगर पंचायत के प्रभारी ईओ बलराम गुप्ता की इस कार्यवाही से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा है।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र में सहयोग करें व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने कार्यालय में जनपद के व्यापारी संगठनों के साथ व्यापार सुरक्षा संबंधी बैठक ली। जिसमें व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतियों और उपायों पर विस्तृत चर्चा कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा।

बैठक में विशेष रूप से व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए व्यापारियों को प्रेरित किया। ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। इसी से अपराधियों की पहचान व निगरानी संभव हो सके। इसके अतिरिक्त बैठक में व्यापारियों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं एवं व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। एएसपी ने विश्वास दिलाया कि पुलिस सदैव व्यापारियों की सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तत्पर है।



व्यापारियों के साथ बैठक करते एएसपी मनोज गुप्ता। अमृत विचार

## दिव्यांग दुकानदार को दुकान खोलने से किया मना

**राठ।** कस्बे के नवीन गल्ला मंडी के पास दो दबंग व्यक्तियों ने एक दिव्यांग दुकानदार के साथ गाली गलौज करते हुए दुकान खोलने पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली है।

कस्बे के नवीन गल्ला मंडी के पास रहने वाले बबलू पुत्र दुर्गा प्रसाद प्रजापति ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि नवीन गल्ला मंडी के पास उसकी किराना की दुकान है। वहीं पर रहने वाले दो दबंग व्यक्ति उसे उसकी दुकान नहीं खोलने दे रहे हैं। दुकान खोलने की सूरत में उसे जान से मारने की भी धमकी दे रहे हैं। उसने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अतिक्रमण के चलते राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सड़क किनारे अतिक्रमण किए जाने पर पैदल चलने वाले राहगीरों को अनहोनी घटना होने का भय सताता रहता है। अतिक्रमण के कारण जल निकासी न होने से पीएचसी की चाहर दीवारी गिरी पड़ी है।

कस्बे के मौदहा सड़क किनारे थाना तिराहा से तक दुकानदारों ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर अपना अधिकार जमा लिया है। पीएचसी की चाहर दीवारी के पास भी लोगों ने किसी तरह का कारोबार न करने के बाद भी पेटी, टीन सेड छप्पर आदि लगाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। सड़क के किनारे अतिक्रमण के चलते पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटाया जाना जरूरी है। जिससे राहगीरों को राहत मिल सकें। पीएचसी में तैनात डॉ.एसके सिंह ने बताया कि अतिक्रमण के चलते बरसात के समय जल निकासी नहीं हो पाती है। जलभराव होने से चाहर दीवारी गिर गई थी। जो अभी भी गिरी पड़ी है। अतिक्रमण के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाने की पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मांग की है।

**शिकायत** | प्रधान प्रतिनिधि ने अवर अभियंता पर लगाया मिली भगत का आरोप

# दो माह में ही ग्रामीण खोद ले गए नव निर्मित तालाब की भीट

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत इंगोहटा में छानी मार्ग किनारे स्थित हमीरपुरी तालाब की खुदाई मार्च माह में लघु सिंचाई विभाग ने कराई गई थी। खुदाई के बाद विभाग की मिलीभगत से कुछ लोगों ने जेसीबी लगाकर तालाब की भीट (पार) की मिट्टी खोदकर बेंच डाली। प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि यह सारा खेल विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ है।

लघु सिंचाई विभाग ने अटल भूजल योजना के तहत इंगोहटा के हमीरपुरी तालाब की खोदाई मार्च माह में कराई थी। यह तालाब इंगोहटा छानी मार्ग में किलोमीटर संख्या तीन के करीब स्थित है। खुदाई के बाद तैयार की गई भीट (पार) को कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से खोदकर मिट्टी बेच डाली है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह परिहार का आरोप है कि भीट की मिट्टी को अवर अभियंता ने ग्रामीणों से सांठगांठ बनाकर बेचा है। शिकायत के बाद इसको बंद कराया गया है। अवर अभियंता कुलदीप ने मामले से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि आरोप निराधार है। वह शुक्रवार को मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ विपिन कुमार ने बताया कि तालाब की भीट खोदने की शिकायत मिली है। वह अवर अभियंता के साथ मौके पर जाकर देखेंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।



खोदी गई तालाब की भीट। अमृत विचार

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

### दुर्गा धाम मंदिर में कब्जे की शिकायत

**हमीरपुर।** मुंडेरा के ग्रामीणों ने गांव के दुर्गा धाम मंदिर पर प्रधान और उसके दबंग साथी पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कब्जा हटवा कर मंदिर का संचालन ग्राम वासियों की देख रेख में करवाने की मांग की है। मुस्करा विकासखंड के ग्राम मुंडेरा निवासी लक्ष्मी नारायण, माहेश्वरी दीन, चंद्रभान यादव, अजीत, भरत कुमार, राजेंद्र यादव, राजबहादुर, ठाकुरदास लोधी सहित अन्य ग्रामीणों ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में दुर्गा धाम के नाम से एक प्रसिद्ध मंदिर है। जिसका संचालन पूर्व में सभी गांव वालों की सहमति से अस्थाई कमेटी बनाकर किया जा रहा था। वर्ष 2022 में ग्राम प्रधान की सह से गांव के ही शत्रुघ्न पुत्र देवीदीन ने ग्राम वासियों की बिना सहमति के मंदिर का पंजीकरण करा लिया था। ग्राम वासियों ने शिकायत कर जिसका रजिस्ट्रेशन निरस्त करा दिया था। रजिस्ट्रेशन निरस्त होने के बाद प्रधान और उसके साथी ने मंदिर की दान पेटी से रुपये निकाल लिए। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन की जारी तिथि से आज तक मंदिर का आय व्यय का कोई ब्यौरा नहीं दिया और मंदिर में अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मंदिर में हुए अवैध कब्जे को हटवाकर मंदिर का संचालन पूर्व की भांति करने की मांग की है।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से भैंस की जान गई

बरगढ़ (चित्रकूट)। गाहुर निवासी रघुवेंद्र शुक्ला ने बताया कि उसकी भैंस पानी पीते समय पास के खंभे के सपोर्टर तार में उतरे हाईवोल्टेज की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने बताया कि कई दिन से इसमें करंट उतरा है। इस संबंध में संविदाकर्मी साकेत बिहारी शुक्ला ने बताया कि कई दिन से करंट की बात गलत है। गुरुवार को फाल्ट होने से हाई वोल्टेज करंट आने से भैंस की मौत हुई।

### अलग-अलग मामलों में तीन लोग गिरफ्तार

चित्रकूट। पहाड़ी थाने के एसआई मनीष कुमार ने वांछित आरोपियों सौरभ उर्फ नान निवासी ग्राम कौड़र का पुरवा मजरा बक्टा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। कोतवाली एसआई ने वारंटी आरोपियों महेश और संतोष निवासी शंकर बाजार को गिरफ्तार किया।

### भुगतान की प्रक्रिया फिर से शुरू कराई जाए : हरिशंकर

चित्रकूट। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने प्रधानमंत्री, सहकारिता मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक को पत्र लिखकर सहारा कंपनी में जमा धनराशि के भुगतान की प्रक्रिया शुरू कराने का अनुरोध किया है। व्यापारी नेता ने बताया कि गरीब, मध्यम वर्ग और व्यापारी वर्ग के लोगों का धन इसमें जमा किया गया है। भुगतान की प्रक्रिया पोर्टल व्यवस्था के द्वारा शुरू की गई। कुछ लोगों का भुगतान आया और फिर यह प्रक्रिया रुक गई। इससे गरीबों की एक उम्मीद खत्म होती जा रही है। इस कार्रवाई में तेजी लाने की आवश्यकता है, जिससे जनहित हो सके। प्रक्रिया धीमी अथवा न होने से लोग मानसिक तनाव में है।

# चालक ने टोलकर्मियों पर चढ़ाया ट्रक, एक की मौत और दो घायल

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा पर हुई घटना, एक घायल की हालत नाजुक

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** बुधवार देर रात झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोरवारा टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों पर एक चालक ने ट्रक चढ़ा दिया। इससे एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर है।


शिवम।

घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज की ओर से आ रहा सीमेंट से भरा एक ट्रक तेज रफ्तार में वहां पहुंचा और पहले टोल बॉक्स में टक्कर मारी, इसके बाद चालक ने वहीं पर खड़े टोलकर्मियों पर वाहन चढ़ा दिया। इससे बरगढ़ थाना के मनका गांव निवासी 22 वर्षीय शिवम शुक्ला पुत्र रामानुग्रह और नेवरा निवासी पंकज पांडेय (35) पुत्र रामसागर वाहन के नीचे आ गए।

शिवम के सिर पर पहिया चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा मऊ निवासी प्रभात शुक्ला (35) छिटककर दूर जा गिरा, जिससे उसे भी चोटें आईं। बताया जाता है कि ऐसा लगता था कि चालक ने जानबूझकर टोल कर्मचारियों को निशाना बनाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। प्रभात और पंकज को जिला अस्पताल रिफर किया गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक के खलासी को गिरफ्तार कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।


पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता को ढांढस बंधाते परिजन। अमृत विचार

### इकलौता बेटा था शिवम

मनका निवासी शिवम अपने घर का इकलौता लड़का था। हादसे की खबर जिस किसी ने भी सुनीं, सन्न रह गया। बताते हैं कि युवक टोल प्लाज़ा पर नौकरी करके परिवार का खर्च चलाता था। शिवम की मां गुड्डन देवी, बहनों ऋतु और प्रीतू का रो रोकर बुरा हाल हो गया वहीं पिता रामानुग्रह शुक्ला बुढ़ापे का सहारा छिनने से बेहाल हो गए।

### सीओ बोले, करेंगे कड़ी कार्रवाई

मऊ क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद ने बताया कि बीती रात हुई घटना से वह भी दुखी हैं। उन्होंने मौके पर जाकर जानकारी ली है। पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। हर बिंदु पर जांच की जा रही है। ट्रक के नंबर के आधार पर मालिक और चालक का पता किया जा रहा है। ट्रक का नंबर प्रयागराज का है। वहीं एसओ ने बताया कि ट्रक मुरका थाना बरगढ़ निवासी किसी व्यक्ति का है। मृतक के बाबा रामविलास ने तहरीर दी है।


पेड़ से टकराकर पलटी कार।

### हाईवे पर साइकिल सवार को बचाने में पलटी कार

बरगढ़ (चित्रकूट)। साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार पलट गई। जानकारी के मुताबिक, ट्रांसपोर्टनगर निवासी अंशु मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार कार से चित्रकूट से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। मुरका गांव के पास अचानक साइकिल सवार के बीच रोड पर आने पर उसे बचाने के चक्कर में अंशु ने कार को तेजी से मोड़ा जिससे यह पेड़ से टकराकर पलट गई। अंशु को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

# मासूम बेटे को कमर में बांध यमुना में कूदी महिला, दोनों की गई जान

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** घरेलू हिंसा और प्रताड़ना से ऊबकर एक महिला ने अपने डेढ़ साल के मासूम बच्चे को कमर में बांधकर यमुना नदी में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मां-बेटे के शवों को बाहर निकाल लिया।

यमुना नदी के पक्के पुल के पास मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे यमुना नदी में एक महिला पुल से कूद गई। उसने अपनी कमर में एक बच्चे को भी बांध रखा था। मौके पर दौड़कर पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों ने थाने में इसकी सूचना दी तो थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, उपनिरीक्षक सिद्धनाथ राय घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की व्यवस्था की और करीब आधा घंटे बाद मां व बेटे के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर भेजा, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।


गौरा।

थानाध्यक्ष ने शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारण कराया। इस पर ग्राम कनकोटा निवासी राजकुमारी निषाद और अन्य लोग वहां पहुंचे और शवों की शिनाख्त अपनी बेटी मृतका गौरा व उसके डेढ़ साल के पुत्र राज के रूप में की। राजकुमारी ने बताया कि गौरा (25) उसकी बेटी थी। उसने लगभग चार साल पहले कौशांबी जिले के ग्राम गढ़वा ईशामबाद थाना सरांय अकिल निवासी संतोष पुत्र बब्बू निषाद से प्रेम विवाह किया था। गौरा शादी के बाद से काफी परेशान रहती थी और घरेलू हिंसा, प्रताड़ना की जानकारी देती रहती थी। बताती थी कि ससुराली दहेज के लिए उसे मारते पीटते थे। इसके बाद उन लोगों ने दहेज भी दिया था लेकिन इसके बाद भी प्रताड़ना बंद नहीं की गई। बताया कि वह गुरुवार को कनकोटा आ रही थी तभी पुल से कूदकर उसने जान दे दी। थाना प्रभारी ने बताया कि यमुना से मां-बेटे के शव बरामद किए गए हैं। इनको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


रोते बिलखते मृतका के परिजन। अमृत विचार


नदी में शवों को तलाश करवाती पुलिस। अमृत विचार

- पति की प्रताड़ना से परेशान होकर उठाया आत्मघाती कदम

## सार-संक्षेप


पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे मृतक बालक के परिजन। अमृत विचार

### एसपी को शपथ पत्र देकर ग्रामीण ने लगाई गुहार

चित्रकूट। राजापुर थानांतर्गत पियरियामाफी निवासी शिवभवन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र देकर बताया कि उसका नाती सचिन (10) काफी दिनों से बीमार था। देशी दवाओं से उसका इलाज घर में किया जा रहा था, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। गांव के लोगों ने पुलिस को सूचित कर एक व्यक्ति दीपू पांडेय पर एफआईआर करा दी जबकि उसने न तो पुलिस को फोन किया और न कोई सूचना दी। बताया कि गांव के लोगों ने दीपू को इस मामले में घसीट कर उसकी छवि खराब करने का प्रयास किया है। उसने नाती को न तो कोई दवा दी और न इंजेक्शन लगाया। नाती की स्वाभाविक मौत हुई है। उसने एसपी से गुहार की कि वह शपथपत्र देकर कह रहा है कि दीपू निर्दोष है। उस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

### हाकी में बांदा ने चित्रकूट को हराया

चित्रकूट। चित्रकूट हाकी अकादमी के संयोजक प्रेम शंकर शुक्ला की अगुवाई में गुरुवार को जनसेवा इंटर कॉलेज के मैदान में बांदा और चित्रकूट की टीमों के बीच हाकी का सद्भावना मैच हुआ। अपर जिला सहकारी अधिकारी विजेंद्र कुमार मिश्रा, केशव शिवहरे ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों में बांदा विजेता रहा। इस मौके पर अशोक द्विवेदी, शाहिद अली, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन, राजा मिश्रा, आशीष गुप्ता, उमेश द्विवेदी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

मऊ। गुरुवार को सायं छह बजे मऊ थाना क्षेत्र के बियावल गांव में आकाशीय बिजली गिरने से रामबली पुत्र मिश्रीलाल निवासी गढ़वा जनपद कौशांबी उम्र 23 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मऊ सीएचसी ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। जबकि भोला निवासी ताड़ी थाना मऊ उम्र 37 वर्ष घायल हो गया। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में इलाज चल रहा है।

# ...तो लोहे की जगह लकड़ी का हो रहा था इस्तेमाल

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

- जम्होरा नाले पर बन रहे पुल की स्लैब ढहने का मामला
- देर रात डीएम, एसपी और विधायक जांच को पहुंचे

**अमृत विचार।** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर जम्होरा नाले के निर्माणाधीन लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले को शासन-प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

गुरुवार सुबह जहां एसडीएम सौरभ यादव और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया तो रात में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे। एक व्यक्ति ने बताया कि जांच के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर ठेकेदार को अपने साथ लेकर चले गए। एसडीएम सौरभ यादव ने बताया कि इस मामले में विकास विभाग की एक और टीम जांच के लिए लगाई जाएगी जो आख्या देगी। बताया कि प्रथमदृष्टया पाया गया कि पुल नहीं गिरा बल्कि दस पार्ट में से शुरुआती एक पार्ट की स्लैब गिरी है। पुल बनना शुरू ही हुआ था कि स्लैब गिर गई। उधर, 'अमृत विचार' में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने एक्स पर ट्वीट करके बताया कि परदवां कोटरा गांव अंतर्गत मऊ परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ की लागत से बन रहे लघु सेतु के गिरने की सूचना प्राप्त हुई। बताया कि जेई पीडब्लूडी के अनुसार, प्रथमदृष्टया ठेकेदार दलवीर सिंह ने लोहे की बजाय लकड़ी पर बनाए जाने से यह ढह गया। स्थानीय निवासी समाजसेवी पप्पू बरहा ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि मऊ क्षेत्र के अंतर्गत बरहा कोटरा और घुरेहटा के बीच जम्होरा नाला में पीडब्ल्यूडी के तहत निर्माणाधीन लघु सेतु की स्लैब मंगलवार रात को रखी गई थी और सुबह होते ही ढह गई। उधर, सुबह अधिकारियों के जाने के बाद रात में डीएम, एसपी, विधायक मानिकपुर, सीओ मऊ यामीन अहमद, एसडीएम सौरभ यादव खराब मौसम के बाद भी पुल की हालत देखने पहुंचे।

# बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इसके बाद कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अगुवाई में पटेल तिराहे के पास बिजली विभाग के कार्यालय के सामने अधाधुंध बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया।

कांग्रेसियों ने कार्यालय के सामने नारे लगाए, बिजली विभाग होश में आओ बिजली कटौती बंद करो। इसके बाद अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार 11 साल बेमिसाल का नारा देकर उपलब्धियों का गुणगान कर रही है लेकिन चित्रकूट सहित पूरे प्रदेश की जनता बिजली, पानी की समस्या से जूझ रही है। अगर एक हफ्ते के अंदर बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो पार्टी बिजली विभाग के खिलाफ जनांदोलन करेगी। रंजना पांडेय ने कहा कि बिजली की आंखमिचौनी से जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान विजयमणि त्रिपाठी, राकेश वर्मा, महेंद्र सिंह, कामता प्रसाद द्विवेदी, राजेश सिंह पटेल, चुनबाद प्रसाद, अतुल राजपूत, अरुण गुप्ता, दुर्गेश खंगार, अजीत मिश्रा, सविता पाल, योगेंद्र रैकवार, हरिओम पांडेय आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।


बिजली कटौती पर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते कांग्रेसी। अमृत विचार

- एक हफ्ते में सुधार न हुआ तो करेंगे जनांदोलन : कुशल पटेल

## साथी कर्मचारियों ने दी विदाई

चित्रकूट। मनरेगा के डिप्टी डायरेक्टर और खंड विकास अधिकारी रहे धर्मजीत सिंह का मिर्जापुर तबादला होने पर गुरुवार को कर्वी ब्लाक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनको विदाई दी और स्वस्थ रहने की कामना की। उनको हनुमानजी की प्रतिमा भेंट की। गौरतलब है कि धर्मजीत सिंह ने 15 महीने कर्वी ब्लाक का चार्ज संभाला था। वह साढ़े तीन साल तक जिले में मनरेगा के डिप्टी डायरेक्टर रहे।

## फर्जी कागजों से सिम एक्टीवेट करने में दो दबोचे

राजापुर चित्रकूट। थाना पुलिस, साइबर सेल व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने कूटरचित कागजातों से सिमकार्ड एक्टिवेट करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक 25 हजार रुपये का इनामिया है। इनसे पुलिस ने चार मोबाइल, 36 आधार कार्ड, 239 अनएक्टिवेटेड सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, डीएल, निर्वाचन कार्ड, दो पैन कार्ड, दो बायोमैट्रिक स्कैनर, 6620 रुपये बरामद किए।

18 जून प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल निशिकांत राय को एसटीएफ के मुखबिर ने बताया कि वांछित इनामिया संदीप पांडेय प्रयागराज जाने वाले मार्ग पर है। इस पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गिरोह में उसके अलावा शिवदयाल, शिवबाबू, ओम प्रकाश अग्रहरि, राहुल पांडेय, जितेंद्र कुमार व नौफील हैं। शिवदयाल व जितेंद्र सिम कार्ड उपलब्ध कराते हैं और नौफील और वह लालगोपाल गंज में दुकान पर ऊंचे दामों में बेचते हैं। संदीप के बताने पर पुलिस नौफील की दुकान पहुंची और नौफील को पकड़ा। पुलिस ने इसके पास से सिम और अन्य सामान बरामद किया।

नाराजगी | जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य समिति की बैठक

# बीएसए का वेतन रोकने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक की। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लॉक रामनगर में चल रही योजनाओं और कार्यक्रमों के बिंदुओं की समीक्षा की। सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी से कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विभिन्न मदों में आई धनराशि का खर्च सरकार की गाइडलाइन के अनुसार किया जाए। नीति आयोग के जिन बिंदुओं की प्रगति ठीक नहीं है, उनमें सुधार कराएं कि रैंकिंग में कमी न आए। उन्होंने ठीक से काम न करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कही। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नियुक्त सीएचओ की सूची देने के निर्देश दिए। रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत सामग्री तत्काल क्रय कराई जाए प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि छूटे बच्चों का टीकाकरण किया जाए। आशा कार्यकर्ताओं के काम न करने पर दूसरी नियुक्ति की जाए। डीएम ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों स्वास्थ्य केंद्र राजापुर का औचक मुआयना किया गया। इसका संचालन सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराएं। आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, स्टाफ नर्स आदि को ठीक से प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों से कहा कि सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण करके रिपोर्ट दें।

जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बना माइक्रोप्लान तैयार कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।


स्वास्थ्य समिति की बैठक में समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

## वज्रपात से बच्ची समेत चार लोग झुलसे, भर्ती

मानिकपुर (चित्रकूट)। बारिश के बीच बिजली गिरने से चार लोग झुलस गए। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को अचानक हुई बारिश के साथ बिजली गिरी, जिससे पटेलनगर निवासी कृष्णा पुत्र अजीत सिंह व जेहान पुत्री करन झुलसकर बेहोश हो गए। बताया जाता है कि वे बारिश के दौरान पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। इनको सीएचसी में भर्ती कराया गया।

उधर, आर्यनगर तिगलिया के पास रहने वाले जंगाली केशरवानी की दूसरी मंजिल की दीवार आकाशीय बिजली की चपेट में आकर ढह गई। बताया जाता है कि कई लोगों के घरों के विद्युत उपकरण जल गए हैं। उधर, सेमरदहा निवासी प्रेमनारायण और मंगेश भी बिजली की चपेट में आने से घायल हो गए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# महिला की हत्या के आरोप में दो लोग हुए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- झगड़े के बाद मार डाला था आरोपियों में एक महिला भी

**अमृत विचार।** महिला की हत्या कर शव को गुमटी के पास फेंकने के आरोप में पुलिस ने नामजद दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला शामिल है।

गौरतलब है कि मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारी कला गांव में लगभग 40 वर्षीया महिला का शव 17 जून की सुबह गांव में ही एक गुमटी के पावे से बंधा मिला था। इसकी पहचान रंची देवी पत्नी रामनरेश रैदास के रूप में हुई थी। इस संबंध में मृतका की बेटी ब्रजरानी ने बताया था कि वह रात लगभग नौ बजे घर से निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। पति रामनरेश ने अगले दिन रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी पत्नी का गांव के ही प्रेमनारायण उर्फ प्रेमी मिश्रा पुत्र कमल नारायण व विमला देवी पत्नी कमलेश रैदास से लड़ाई झगड़ा हुआ था। इन लोगों ने धमकी दी थी कि तुम लोगों को देख लेंगे। उसने आरोप लगाया कि प्रेमी मिश्रा व विमला देवी ने ही उसकी पत्नी की हत्या की है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने मुखबिर की सूचना पर गांव के हनुमानजी मंदिर के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बताया कि रंची देवी से झगड़ा हो गया था। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

### कलेक्ट्रेट सभागार में कराया गया योगाभ्यास

चित्रकूट। योग सप्ताह के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आफिस ब्रेक योगाभ्यास किया गया। योग वेलनेस सेंटर लोढ़वारा के प्रशिक्षक महेश श्रीवास और उनके सहायक आनंद बिहारी शर्मा ने सूर्य नमस्कार, योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराकर योग से शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर होने वाले लाभ की जानकारी दी।


# कार्यालय ग्राम पंचायत-रिरूआ बुजुर्ग वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक–मेमो / मनरेगा/ विज्ञाप्ति/2025–26 दिनांक–18.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता से केन्द्रीय वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्मलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 25.06.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हरसुण्डी वि0ख0 सरीला में आमंत्रित की जाती है। जो दिनाक 18.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 25.06.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी तथा दिनांक 25.06.2025 को समय अपरान्ह 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत हरसुण्डी वि0ख0 सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का शुल्क | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बहुउददेशीय पंचायत भवन निर्माण योजना | बहुउददेशीय पंचायत भवन निर्माण कार्य | 15.12 | 30243 | 1200+216 | 3 माह | ग्राम पंचायत रिरूवाबुजुर्ग पोस्ट न्यूलीबासा |

**अन्य शर्ते :**
सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
1. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही की जाएगी।
2. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नही किया जाएगा।
3. आपूर्तिकर्ता डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
.4 . सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
5. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
6. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
7. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
8. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।
9. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी / सचिव**
**ग्राम पंचायत-रिरूवाबुजुर्ग**
**वि0ख0-सरीला, (हमीरपुर)**

